संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-180 गुरुवार, 02 मई 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बदल गया ईव्हीएम-वीवीपीएटी से जुड़ा प्रोटोकॉल

## सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में चिह्न 'लोड करने वाली स्टोर यूनिट्स को 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित करने के निर्देश दिए थे...जिसके बाद आयोग ने कुछ बदलाव किए हैं...

**नई दिल्ली,01 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट ने 26 अप्रैल को ईव्हीएम-वीवीपीएटी स्लिप की 100 प्रतिशत क्रॉस-चेकिंग कराने से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दी थीं.।अदालत ने इसके साथ ही वीवीपीएटी को लेकर चुनाव आयोग को कुछ बदलाव करने के आदेश दिए थे। अब चुनाव आयोग ने शीर्ष अदालत के आदेश पर अमल करते हुए सिंबल लोडिंग यूनिट की हैंडलिंग और लोडिंग के साथ स्टोरेज के लिए प्रोटोकॉल में कुछ बदलाव किया है। चुनाव आयोग ने बुधवार (1 मई) को इसकी जानकारी दी।
चुनाव आयोग के प्रेस नोट में बताया गया कि सभी सीईओ को निर्देश दे दिए गए हैं कि वो नए प्रोटोकॉल्स को लागू कराने के लिए वे जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रावधानों को बनवाएं। एसएलयू मेमोरी यूनिट है, जिससे जरिए किसी खास सीट पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवाकों के नाम और उनकी पार्टी का सिंबल वीपीपीएटी या पेपर ट्रेल मशीनों पर अपलोड किया जाता है।
चुनाव आयोग ने कहा, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है, संशोधित प्रोटोकॉल 1 मई 2024 को या उसके बाद वीपीपीएटी में सिंबल लोडिंग प्रक्रिया के पूरे होने के सभी मामलों में लागू होते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से पहले एसएलयू को स्थानीय चुनाव अधिकारियों को सौंप दिया गया था।




### 7 फेज में हो रहा चुनाव

बता दें कि लोकसभा चुनाव सात चरण में हो रहे हैं। पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को और दूसरे फेज की वोटिंग 26 अप्रैल को हो चुकी है। 7 मई को तीसरे फेज की वोटिंग होगी। 13 मई को चौथे दौर की वोटिंग है। पांचवें दौर की वोटिंग 20 मई को होगी। छठें दौर की वोटिंग 25 मई को है। 1 जून को सातवें फेज की वोटिंग होनी है। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आएंगे।

### वीपीपीएटी मामले में अदालत ने दिए कौन से निर्देश?

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस खन्ना ने अपने फैसले में निर्वाचन आयोग को मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में चिह्न 'लोड करने वाली स्टोर यूनिट्स को 45 दिनों के लिए 'स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित करने के निर्देश दिए। चूंकि कोई भी व्यक्ति परिणाम की घोषणा के 45 दिनों के अंदर निर्वाचन को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर कर सकता है, इसलिए ईव्हीएम और पर्चियां 45 दिनों के लिए सुरक्षित रखी जाती हैं, ताकि अदालत द्वारा रिकार्ड मांगे जाने पर उसे उपलब्ध कराया जा सके।

### 7 दिनों के अंदर करनी होगी 'माइक्रो कंट्रोलर' के वेरिफिकेशन की अपील

शीर्ष अदालत ने ईव्हीएम निर्माताओं के इंजीनियरों को यह अनुमति दी कि वे परिणाम घोषित होने के बाद दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीन के 'माइक्रो कंट्रोलर को सत्यापित कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'माइक्रो कंट्रोलर के वेरिफिकेशन के लिए अपील नतीजे घोषित होने के सात दिनों के भीतर किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए पहले फीस देनी होगी। बेंच ने कहा, अगर वेरिफिकेशन के दौरान यह पाया गया कि ईव्हीएम से छेड़छाड़ की गई है, तो उम्मीदवार द्वारा दी गई फीस लौटा दी जाएगी।




## तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर के खिलाफ ईसी का बड़ा एक्शन

» 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने पर लगा प्रतिबंध

**हैदराबाद,01 मई 2024 (ए)।** तेलंगाना के पूर्व सीएम व बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव के खिलाफ निर्वाचन आयोग ने बड़ा एक्शन लिया है। आयोग ने ताजा कार्रवाई केसीआर की ओर से कांग्रेस के खिलाफ की गई एक आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर की।
लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी आचार संहिता के उल्लंखन के मामले में भारत निर्वाचन आयोग पूरी सख्ती के साथ एक्शन ले रहा है। हाल में ईसीआई ने तेलंगाना के पूर्व सीएम व भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के चंद्रशेखर राव के एक बयान के बाद कार्रवाई की है, जिसके तहत सिरसिला में कांग्रेस के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक बयान देने के लिए राव को को बीआरएस के चुनावी अभियान से प्रतिबंधित किया गया है।
ईसीआई ने अपने आदेश में कहा कि के चंद्रशेखर राव को 1 मई रात 8 बजे से 48 घंटे के लिए प्रचार करने पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि के दौरान केसीआर के लिए किसी भी सार्वजनिक सभा, चुनावी कार्यक्रम में शिकरत करने की अनुमति नहीं होगी। कांग्रेस ने ईसीआई से की थी शिकायत कांग्रेस नेता जी निरंजन ने एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बीआरएस नेता पर पार्टी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था। इसी शिकायत के आधार पर केसीआर के खिलाफ चुनाव आयोग ने एक्शन लिया है।

# मई महीना शुरू होते ही हुए नियमों में किए गए बदलाव

» एलपीजी सिलेंडर रेट से लेकर क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान तक...
» ये 5 बड़े बदलाव !
» 1 मई 2024 से देश में कई बदलाव लागू हो गए

**नई दिल्ली,01 मई 2024(ए)।** मई का महीना शुरू हो चुका है और हर महीने की पहली तारीख की तरह 1 मई 2024 से देश में कई बदलाव लागू हो गए हैं। इन बदलावों का सीधा असर आपकी जेब पर पड़ेगा। इनमें एलपीजी सिलेंडर की कीमतों से लेकर क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान तक शामिल है। पहली तारीख से एलपीजी सिलेंडर के दाम कम हो गए हैं, वहीं दो बैंकों के क्रेडिट कार्ड से यूटिलिटी बिल भुगतान के लिए अब अतिरिक्त चार्ज देना होगा।

### एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे

एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में पहला बड़ा बदलाव 1 मई को हुआ था, दरअसल ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने लगातार दूसरे महीने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 19 किलोग्राम की कटौती की थी। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली से मुंबई तक सिलेंडर के दाम 19 से 20 रुपये तक कम हो गए हैं। नए सिलेंडर के दाम आईओसीएल की वेबसाइट पर अपडेट किए गए हैं।




### ये दरें 1 मई 2024 से लागू हैं

इंडियन ऑयल की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, 1 मई से मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1717.50 रुपये से घटकर 1698.50 रुपये हो गई है। दिल्ली में कीमत 1764.50 रुपये से बढ़कर 1745.50 रुपये हो गई है। चेन्नई में भी कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1930 रुपये से घटकर 1911 रुपये हो गई है।

### आईसीआईसीआई बचत खाता

आईसीआईसीआई बैंक ने आज से ग्राहक बचत खाता शुल्क में बदलाव किया है। बैंक ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह बदलाव 1 मई 2024 से लागू किया जाएगा। इसके तहत डेबिट कार्ड पर वार्षिक शुल्क 200 रुपये तय किया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह 99 रुपये तय किया गया है। इसके अलावा बैंक ने चेक बुक को लेकर भी नियमों में बदलाव किया है और 1 मई से 25 पेज की चेक बुक जारी करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, लेकिन इसके बाद हर पेज के लिए 4 रुपये का शुल्क लिया जाएगा। इतना ही नहीं, आईएमपीएस ट्रांजैक्शन पर 2.50 रुपये से 15 रुपये तक चार्ज लगेगा।

### यस बैंक के नियमों में बदलाव

वहीं अन्य बदलाव यस बैंक के ग्राहकों से जुड़ा है। बैंक ने 1 मई 2024 से बचत खाते पर न्यूनतम औसत शेष शुल्क में बदलाव किया है। बचत खाता प्रो मैक्स में एमएबी में 50,000 रुपये, अधिकतम शुल्क 1,000 रुपये के अधीन। सेविंग अकाउंट प्रो प्लस, यस एसेंस एसए और यस रेस्पेक्ट एसए में न्यूनतम बैलेंस 25,000 रुपये होगा और इस खाते पर 750 रुपये का शुल्क तय किया गया है। बचत खाते में न्यूनतम 10,000 रुपये का बैलेंस जरूरी होगा और इसका शुल्क 750 रुपये से ज्यादा होगा। बचत मूल्य के लिए 5000 रुपये की सीमा है और अधिकतम 500 रुपये का शुल्क लिया जाएगा।

### बिल भुगतान महंगा होगा

अगर आप अपने घरेलू बिजली बिल या किसी अन्य यूटिलिटी बिल का भुगतान क्रेडिट कार्ड से करते हैं तो चौथा बदलाव आपके लिए खास है। उपयोगिता बिल भुगतान के लिए यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले उपयोगकर्ताओं को अब अतिरिक्त शुल्क देना होगा। 1 मई से, यस बैंक क्रेडिट कार्ड पर 15,000 रुपये से अधिक के बिजली या अन्य उपयोगिता बिल भुगतान पर 1प्रतिशत अधिभार लगेगा, जबकि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक क्रेडिट कार्ड पर 20,000 रुपये से अधिक के बिल भुगतान पर 1 प्रतिशत अधिभार और 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।



## कांग्रेस ने रायबरेली से प्रियंका तो अमेठी से राहुल गांधी को बनाया उम्मीदवार

» कांग्रेस की परंपरागत लोकसभा सीट पर बड़ा फैसला

**नई दिल्ली,01 मई 2024 (ए)।** रायबरेली और अमेठी में नामांकन के अंतिम तारीख से दो दिन पहले बहुप्रतिक्षित नामों की घोषणा इलेक्शन कमेटी और पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने घोषित कर दी है। कांग्रेस की परंपरागत लोकसभा सीट रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा और अमेठी सीट से राहुल गांधी को पार्टी ने मैदान में उतारा है।इसके पहले रायबरेली और अमेठी लोकसभा को लेकर पिछले तीन दिनों से गहन विचार मंथन चल रहा था। राहुल गांधी अमेठी से तो राय़बरेली लोकसभा से प्रियंका गांधी वाड्रा को उम्मीदवार बनाने के लेकर वहां निष्ठावान कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन भी किया था। पार्टी ने तमाम सर्वे रिपोर्ट और् पब्लिक ओपिनियन पर विचार मंथन कर बड़ा फैसला लिया है।

## नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नरों ने किया महायज्ञ



**प्रयागराज,01 मई 2024 (ए)।** नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नर समाज ने महायज्ञ किया है। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ़ टीना मां ने विघ्नेश्वर महायज्ञ का आयोजन किया।
इस दौरान अग्नि कुंड में हवन की आहुति दी गई। पूरे विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज शहर स्वाहा की धुन से गुंजायमान हो उठा। हवन से वातावरण भी शुद्ध हो गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के सामने महाआरती भी की गई।
किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने कहा, ÷अबकी बार मोदी सरकार 400 का आंकड़ा पार करने जा रही है। हवन यज्ञ के माध्यम से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नरों ने उनको आशीर्वाद दिया है।

# दिल्ली के 60 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी



» गृह मंत्रालय ने दी गई महत्वपूर्ण सूचना
» ईमेल के जरिए दिल्ली और नोएडा के 60 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप

**नई दिल्ली,01 मई 2024 (ए)।** आज सुबह बम की धमकी मिलने से दिल्ली के लोग दहशत में हैं। दिल्ली-एनसीआर के करीब 60 स्कूलों में बम होने की खबर मिली है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में दहशत का माहौल है। इसमें कई हाई प्रोफाइल स्कूल भी शामिल थे। ईमेल से धमकी मिलने के बाद छात्रों को तुरंत घर भेज दिया गया और बम निरोधक दस्ते ने पुलिस के साथ मिलकर स्कूलों को अपने कब्जे में ले लिया और तलाशी शुरू कर दी। इसी तरह केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अहम अधिसूचना जारी की है।दिल्ली एनसीआर के 60 स्कूलों को एक ही ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। स्कूलों में बम रखने की धमकी पर गृह मंत्रालय ने एक अहम नोटिस जारी किया है। गृह मंत्रालय ने कहा घबराने की जरूरत नहीं दिल्ली-नोएडा में बम की खबर झूठी है। पुलिस ने अभिभावकों से कहा कि वे इस स्थिति में घबराएं नहीं। उधर मामले की जांच पूरी हो चुकी है और पुलिस ने कहा है कि धमकी भरा ईमेल फर्जी है

# लोकसभा चुनाव के बीच मोदी सरकार का खजाना भरा






» अप्रैल में रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली,01 मई 2024 (ए)।** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जीएसटी कलेक्शन अप्रैल महीने में अब तक का सबसे ज्यादा 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा है। बीते महीने ग्रॉस रेवेन्यू में भी सालाना आधार पर शानदार 12.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।
लोकसभा चुनावों के बीच केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए बड़ी गुड न्यूज आई है। सरकार ने अप्रैल 2024 के लिए जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी कर दिए हैं और ये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। नए वित्त वर्ष में देश ने जीएसटी कलेक्शन के मामले में इतिहास रच दिया है। जीएसटी शुरू होने के बाद पहली बार कलेक्शन 2 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक,जीएसटी कलेक्शन अप्रैल महीने में अब तक का सबसे ज्यादा 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा है।
पहली बार 2 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली जीएसटी कलेक्शन में बीते अप्रैल महीने ग्रॉस रेवेन्यू में भी सालाना आधार पर शानदार 12.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई.। इसके अलावा नेट रेवेन्यू (रिफंड के बाद) 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा है और इसमें साल-दर साल 17.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल 2024 के हुए कुल जीएसटी कलेक्शन में सीजीएसटी 43,846 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 53,538 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 99,623 करोड़ रुपये और सेस 13,260 करोड़ रुपये शामिल है।
अप्रैल में रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन से पहले मार्च में भी सरकारी खजाना जीएसटी से भरा था। मार्च 2024 में मासिक आधार पर 1.78 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। वहीं बात करें अब से पहले तक के सबसे बड़े जीएसटी कलेक्शन के बारे में तो ये भी बीते साल अप्रैल 2023 में दर्ज किया गया था, तब जीएसटी से सरकारी खजाने में 1.87 लाख करोड़ रुपये पहुंचे थे।




## सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग केस में पकड़े गए आरोपी की मौत

**मुंबई,01 मई 2024(ए)।** सलमान खान के घर हुई फायरिंग मामले में नया अपडेट आया है। पुलिस के गिरफ्तार किए आरोपियों में से एक अनुज थापन ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई है।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ मारा गया?

**नई दिल्ली,01 मई 2024(ए)।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत हो गई है। अमेरिका के फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में मंगलवार (30 अप्रैल) शाम 5:25 बजे गोल्डी बराड़ को गोलियां मारी गईं। गोल्डी बराड़ अपने एक साथी के साथ घर के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान कुछ बदमाश आए और गोलियां मारकर भाग गए। एक चैनल को अमेरिकी पुलिस अधिकारी लैसली विलियम्स ने बताया कि 2 व्यक्तियों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया था, जिसमें से एक की मौत हो चुकी है। बराड़ के विरोधी गैंगस्टर अर्श डल्ला और लखबीर ने गोल्डी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। दोनों ने दावा किया है कि गोल्डी पर उन्होंने दुश्मनी के चलते गोलियां चलवाई हैं। फिलहाल लॉरेंस या अन्य किसी भी गैंगस्टर की इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पंजाब-हरियाणा के शूटर से मूसेवाला की हत्या कराई 29 मई 2022 को मानसा के गांव जवाहरके में मशहूर पंजाबी सिंगर शुभदीप सिंह उर्फ सिद्धू मूसेवाला का कत्ल कर दिया गया। पहले लॉरेंस गैंग ने इसकी जिम्मेदारी ली। फिर गोल्डी बराड़ ने एक टीवी चैनल पर इंटरव्यू देकर कहा कि मूसेवाला को उसने मरवाया है। उसने मूसेवाला पर लॉरेंस के कॉलेज फ्रेंड विक्की मिड्डूखेड़ा के कत्ल में शामिल होने के आरोप लगाए। गोल्डी ने दावा किया था कि पुलिस ने मूसेवाला के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो मजबूर होकर उसे मर्डर करना पड़ा। गोल्डी ने हरियाणा और पंजाब के 6 शूटर भेजकर मूसेवाला की हत्या करवाई।



# विश्वगुरू बनाने के लिए मोदीजी को तीसरी बार पीएम बनाना होगा:मुख्यमंत्री

» विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 मई 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा की सीतापुर विधानसभा में आयोजित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव ने कहा कि मोदी जी सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के मार्ग पर चलते हैं। उनके लिए गरीब,किसान,महिलाएं,युवा प्राथमिकता हैं। ऐसे में उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। यदि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना चाहते हैं तो आपका प्रत्येक वोट मोदी जी को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगले 7 मई आप लोग सरगुजा से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज जी को कमल निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाइए। उन्होंने कहा कि मोदीजी के तीसरी बार पीएम बनने के बाद छूट गए लोगों को भी पक्का मकान मिलेगा। छत्तीसगढ़ में पांच साल कांग्रेस की सरकार रहने की वजह से जो विकास कार्य रुक गए थे, वह सब तेज गति से होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आज फिर महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त भेज दी गई है। श्री साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह सरगुजा संभाग में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ है, वैसा ही हश्र लोकसभा चुनाव में भी होना चाहिए। इस अवसर पर सीतापुर विधानसभा के विधायक श्री रामकुमार टोप्पो ने कहा कि विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सिर्फ तीन महीने में ही राज्य के विकास को नई दिशा मिली है। इसका सबसे अधिक लाभ सीतापुर विधानसभा को मिलेगा। सिर्फ एक बार मांग करने पर डेढ़ सौ करोड़ रुपये की लागत से विधानसभा क्षेत्र की सडक़ों के निर्माण को मंजूरी दी गई। तीनों ब्लॉक में प्री मैट्रिक छात्रावास को मंजूरी दी जा चुकी है।

इस मौके पर लुंड्रा से विधायक श्री प्रबोध मिंज ने कहा कि मोदीजी बड़े और साहसिक निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश जब आजादी के सौ साल मना रहा होगा, उसके लिए अभी से निर्णय मोदीजी कर चुके हैं। भारत के ऐसे महान सपूत को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपनी है। कांग्रेस के लोग अल्पसंख्यकों, पिछड़े और आदिवासियों को गुमराह कर रहे हैं। श्री चिंतामणि महाराज ने इस अवसर पर कहा कि दस साल में जो विकास कार्य हुए हैं, उसे और गति दी जाएगी। मोदी जी की अगुआई में भारत विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है।

इस अवसर पर भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी राजा पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक कमलभान सिंह, पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, अनिल सिंह मेजर, भारत सिंह सिसोदिया, हरपाल सिंह भामरा, अंबिकेश केशरी, रामलखन पैकरा, राजकुमार अग्रवाल, देवनाथ पैकरा, रोशन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व आम जनता उपस्थित रही।

# महिला के गले से चेन स्नेचिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार






- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 मई 2024
(घटती-घटना)।

चेन स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने पत्थलगांव जशपुर से दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी 24 अप्रैल को मणिपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के गले से चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गला हुआ सोना सहित लगभग 10 लाख का मशरूका जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार अनिल कुमार शाह मणिपुर थाना क्षेत्र के केदारपुर का रहने वाला है। 24 अप्रैल को इसके पिता व मां स्कूटी से रिश्तेदार के घर लक्ष्मीपुर जा रहे थे। तभी अस्पताल रोड मणिपुर के पास एक लाल रंग की बाइक में दो अज्ञात युवक पीछे से आए और स्कूटी से सटाते हुए महिला के गले से 15 ग्राम का सोने का चेन स्नेचिंग कर तेज गति से फरार हो गए थे। दंपति ने घर जाकर घटना की जानकारी अपने बेटा अनिल शाह को दी। वह मणिपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 356, 379, 34 अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल व उसके आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने आरोपी मंजय कुमार नट उम्र 32 वष व राजेश यादव उम्र 21 वष निवासी दीवानपुर थाना पत्थलगांव जिला जशपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को अंबिकापुर आकर चेन स्नेचिंग की घटना कारित करना स्वीकर किया है। आरोपियों द्वारा सोने के चेन को अपने गांव में फेरी करने वाले सोनार से गलवाकर नई कार के ड्राइवर सीट के पीछे छुपाकर रखने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने इसके अलावा घटना में प्रयुक्त बाइक व कार को भी जब्त किया है। जब्त मशरूका 10 लाख रुपए की बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, उप निरीक्षक प्रेमसागर खुटिया, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा,नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान,सतीश सिंह,महेश सिंह, आरक्षक अनुज जायसवाल, मनीष सिंह, जितेश साहू, सुयश पैकरा, वीरेंद्र पैकरा, रमेश राजवाड़े, अशोक यादव, उपेंद्र सिंह, कुश सोनी, दिनेश यादव, अतुल शर्मा, इम्तियाज अली शामिल रहे।

# हार सामने देख मोदी और उनकी पार्टी के नेता अराजक और झूठे भाषण दे रहे हैं : पायल




- संवाददाता -
अम्बिकापुर,01 मई 2024
(घटती-घटना)।

कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बुधवार को जिला कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि हम लोगों ने अपने घोषणापत्र में रोजगार, युवा, किसान, महिला के लिए घोषणाएं की है। पायलट ने कहा कि भाजपा जब उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर सकती हैं तो गरीब माता-बहनों के खाते में साल में एक लाख रुपये क्यों नहीं आ सकता है। कांग्रेस ने इसकी गारंटी दी है।

लोकसभा चुनाव के पहले दो चरण के हुए वोटिंग के बाद भाजपा चार सौ पार के नारे को भूल चुकी है। भाजपा बैकफुट पर आ गई है। हार सामने देख मोदी और उनकी पार्टी के नेता अराजक और झूठे भाषण दे रहे है। कांग्रेस शुरू से रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा पर बात कर रही है। जबकि भाजपा मंगलसूत्र , मंदिर, मस्जिद और मुस्लिम पर बात कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर सकती हैं तो गरीब माता-बहनों के खाते में साल में एक लाख रुपये क्यों नहीं आ सकता है। कांग्रेस पार्टी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों मजदूरों पर केंद्रित कर अपनी योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि दस साल सरकार में रहने के बाद भी भाजपा के पास बताने के लिए कुछ नहीं है। लोकतंत्र को बचाने के लिए लोग खुलकर वोटिंग कर रहे हैं। किसान आज भी जमाखोरी व कालाबाजारी से जुझ रहे हैं। कांग्रेस नेता द्वारा नामांकन वापस लेने व भाजपा में शामिल होने के सवाल पर सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा 400 पार का दावा कर रही है और इतने मजबूत हे तो कांग्रेस नेताओं को बुलाकर टिकर क्यों दे रहे हैं। कांग्रेस नेताओं को धमकी व प्रलोभन देकर नामांकन वापस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने नामांकन वापस लिया है। बहुत कम लोग होते हैं तो दबाव व धमकी का सामाना कर पाते हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के सरगुजा आगमन पर किया गया जोरदार स्वागत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 मई 2024
(घटती-घटना)।



भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह आज अपने दो दिवसीय प्रवास पर सरगुजा पहुंचे जहां भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के नेतृत्व में लखनपुर मंडल, उदयपुर मंडल, अंबिकापुर ग्रामीण तथा अंबिकापुर नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने जगह जगह उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर बीजेपी कार्यकर्ताओं को स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव ने कहा कि आप सबके परिश्रम से पहले और दूसरे चरण की सभी चार सीट भाजपा जीत रही है। इस चुनाव में लोगों के उत्साह को देखते हुए अबकी पार चार सौ पार के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ की शत-प्रतिशत भूमिका रहेगी। भाजपा प्रदेश की सभी 11 सीट जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता इस प्रचंड गर्मी में भी जन-जन के बीच जा रहे हैं, क्योंकि वह जनकल्याण के मंत्र पर कार्य करते हैं। कांग्रेसी अपनी जेब भरने के लक्ष्य पर काम करते हैं, इसलिए गरमी में वह घरों से निकलने को तैयार नहीं हैं। किरण देव ने कहा कि कांग्रेस हार के कारणों का अभी से मंथन करने लगी है। भय,भ्रष्टाचार और भ्रम की राजनीति करने वाली मुख्य विपक्षी पार्टी हार के बाद के बहाने तलाश रही है।श्री किरण सिंह देव ने लोकसभा चुनाव को लेकर सरगुजा जिला भाजपा कार्यालय में कोर ग्रुप के साथ बैठक की। इसमें भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्येक सीट पर रिकॉर्ड जीत का अंतर स्थापित करने जा रही है। भाजपा के कार्यकर्ताओं के परिश्रम से हम छत्तीसगढ़ में प्रत्येक सीट पर कमल खिलाकर मोदी जी को मजबूत करेंगे।

# सडक़ पर भारी वाहन खड़ा करने वाले 13 चालकों पर की गई कार्रवाई

- सवाददाता -
अंबिकापुर,01 मई 2024
(घटती-घटना)।



सडक़ पर भारी वाहन खड़ा करने वाले चालकों पर अभियान चलाकर थाना गांधीनगर, कोतवाली, मणिपुर व उदयपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। 24 घंटे के अंदर चारो थाना अंतर्गत 13 प्राथमिकी दर्ज की गई है।

थाना कोतवाली अंतर्गत रिंग रोड महामाया पेट्रोल पम्प के पास सडक़ पर भारी वाहन खड़ा किए जाने के कामले में चालक दीपक,रिंग रोड महामाया पेट्रोल पम्प के पास खड़े भारी वाहन के मामले में चालक रत्नेश मौर्य के खिलाफ धारा धारा 283 के तहत कार्रवाई की गई है। थाना गांधीनगर पुलिस द्वारा रिंग रोड नमनाकला कार्मेल स्कूल के पास खड़े भारी वाहन के सम्बन्ध में आरोपी बबलू अंसारी दूसरे मामले में रांवशंकर के विरूद्ध धारा 283 के तहत अपराध दर्ज आरोपी वाहन चालक एवं वाहन का पता तलाश की जा रही है। इसी प्रकारण थाना मणिपुर पुलिस द्वारा गहिरा गुरु आश्रम के पास रिंग रोड में खड़े भारी वाहन के चालक विनय कुमार यादव व दूसरे मामले में दिनेश यादव तीसरे प्रकरण में वाहन चालक सैयद मोहम्मद,चौथे प्रकरण में वासुदेवन के खिलाफ धारा 283 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वहीं उदयपुर पुलिस द्वारा रामगढ़ ढाबा बिशुनपुर एनएच खड़े भारी वाहन के चालक संतोष सिंह दूसरे प्रकरण में राकेश पासवान, तीसरे प्रकरण में तारकेश्वर महतो, चौथे प्रकरण में अवध पासवान के खिलाफ धारा 283 के तहत अपराध दर्ज कर सडक़ पर खड़े भारी वाहन को जब्त किया गया है।

## पत्नी को मारने के लिए टांगी लेकर दौड़ा रहा पति ने की आत्महत्या

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 मई 2024 (घटती-घटना)।

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम केपी अजिरमा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार महादेव पैकरा पिता स्व. खोरा उम्र 36 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम केपी अजिरमा का रहने वाला था। वह मंगलवार की शाम को घरेलु विवाद पर पत्नी को मारने के लिए टांगी लेकर दौड़ा रहा था। इस दौरान पत्नी अपना बचाव करते हुए स्वयं को एक कमरे में बंद कर दी। कुछ देर बाद जब वह बाहर निकली तो उसका पति घर के म्यार में फांसी पर लटका हुआ था। वह घटना की जानकारी पास पड़ोस को दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# मतदाता जागरूकता अभियान किया गया आयोजित

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 मई 2024
(घटती-घटना)।






कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा विलास भोसकर संदीपन के मार्गदर्शन में श्री श्री गुरुकुलम में आयोजित योग शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा नूतन कुमार कंवर के मुख्य अतिथि एवं अपर कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

आर्ट ऑफ लिविंग के अजय तिवारी ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि सरगुजा संभाग के लगभग 40 सेवा योद्धा प्रतिभागी इस शिविर में योग गुरु के रूप में भाग ले रहे हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा ने कहा कि योग का जितना महत्व स्वस्थ शरीर के लिए होता है, लोकतंत्र की मजबूती के लिए उतना ही महत्व हर मत का होता है, उन्होंने उपस्थित नेतृत्व कर्ता योग गुरुओं से अपील की, कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में जाकर शत प्रतिशत मतदान हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। अध्यक्ष की आसंदी से बोलते हुए अपर कलेक्टर श्री अमृत लाल ध्रुव ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करें, साथ ही अपने आसपास रहने वाले को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता दास व आभार प्रदर्शन जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने किया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में रजनीश, महिमा, शालिनी, प्रीति,सुजीत,कमलेश वर्मा सक्रियता के साथ उपस्थित रहे।

## सडक़ हादसे में घायल नाती की मौत,दादी गंभीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 मई 2024
(घटती-घटना)।

सोनगरा मुख्य मार्ग 25 अप्रैल को दीदी-नती सडक़ हादसे में घायल हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान नाती की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार रामदुलास पैकरा पिता गवटु पैकरा उम्र 22 वर्ष भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम धरमपुर का रहने वाला था। वह 25 अप्रैल को अपनी दादी पिरो बाई के साथ बाइक से सोनगरा गया था। वहां से वापस लौट रहा था तभी मुख्यमार्ग पर बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सडक़ पर गिर गए। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉनेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान नाती की मौत हो गई। जबकि दादी का इलाज चल रहा है।

# लंदन को अपराधों से लड़ने वाला नेता चाहिए

**लंदन, 01 मई 2024।** लंदन के मेयर चुनाव से ठीक पहले अज्ञात हमलावर ने हाथ में तलवार लेकर शहर की सड़कों पर आतंक मचा दिया था। इस बारे में लंदन में मेयर का चुनाव लड़ रहे भारतीय मूल के तरुण गुलाटी का कहना कि ब्रिटेन की राजधानी को 'क्राइम फाइटर मेयर' की जरूरत है। गुलाटी ने शहर की सड़कों पर अज्ञात हमलावर द्वारा तलवारबाजी की घटना को शर्मनाक करार दिया है। बता दें कि इस घटना में 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई थी।



### लंदन को अपराधों से लड़ने वाले मेयर की जरूरत

चुनाव से एक दिन पहले तरुण गुलाटी ने सादिक खान पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्य राजनीतिक दलों ने लंदनवासियों को निराश किया है। बता दें कि सादिक खान रिकॉर्ड तीसरी बार मेयर बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। लंदन में मेयर चुनाव से ठीक पहले हाथ में तलवार लिए एक शख्स ने दो पुलिसकर्मियों समेत लोगों पर हमला किया था। इस हमले में एक लड़के की मौत हुई थी। फिलहाल हमलावर पुलिस की हिरासत में है। इसे लेकर गुलाटी ने कहा कि 'शहर की सड़कों पर ऐसी वारदात हुई, जिसमें एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। मेरा मानना है कि लंदन को अपराधों से लड़ने वाले मेयर की जरूरत है।'

### मेयर चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी हैं तरुण गुलाटी

बता दें कि तरुण गुलाटी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। कुल मिलाकर 13 चेहरे लंदन के मेयर पद की दौड़ में शामिल हैं। उन्होंने लंदन को विश्व की ग्लोबल सिटी और ग्लोबल बैंक करार देते हुए कहा कि वे मेयर बने तो लंदन की बैलेंस शीट तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि वो ऐसी बैलेंश शीट तैयार करेंगो,जो निवेश के लिए प्रमुख विकल्प हो। उन्होंने दावा किया है कि वह एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से बदलेंगे और कुशलता से चलाएंगे।

# ब्रिटेन के लिए छात्र वीजा पर सख्त नियमों का दिखा असर, विद्यार्थियों के साथ आने वाले आश्रितों की संख्या घटी

**लंदन, 01 मई 2024।** ब्रिटेन में छात्र वीजा को लेकर इस साल सख्त नियम जारी किए गए हैं। ऐसे में अब विदेशी छात्रों के साथ जाने वाले आश्रितों की संख्या में महत्वपूर्ण गिरावट देखने को मिली है, जिसका यूके सरकार ने स्वागत किया है। ब्रिटेन के गृह विभाग का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से लेकर मार्च के महीने में छात्रों के साथ आने वाले आश्रितों की संख्या में 80 प्रतिशत तक गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा दुनियाभर से 26,000 से कम छात्रों ने वीजा के लिए आवेदन किया है। बीते कुछ वर्षों में वीजा आवेदन के मामले में भारतीय छात्र अगृणी रहे हैं लेकन इस बार के आंकड़े कुछ अलग कहानी बयां कर रहे हैं। वीजा आवेदन में गिरावट का मतलब है कि इस बार कम भारतीय छात्रों ने यूके के विश्वविद्यालयों को चुना है।



### छात्र वीजा को लेकर खत्म हुआ 'बैकडोर' सिस्टम

जनवरी से प्रभावी नियमों के तहत रिसर्च कोर्स करने वाले छात्रों को छोड़कर अधिकांश छात्र अपने परिवार के सदस्यों को स्टूडेंट वीजा पर साथ नहीं ला सकते। इसके अलावा वे अपना कोर्स पूरा करने से पहले वीजा नहीं बदल सकते। इस बारे में यूके सरकार का दावा है कि पहले बाहर से आने वाले छात्रों को बैकडोर से वीजा मिल जाते थे, जिनका जमकर दुरुपयोग किया गया। सरकार का दावा है कि 'शिक्षा की जगह अप्रवासन' बेचने वाले ऐसे संस्थानों पर कड़ी कार्रवाई की गई है।

### अप्रवासियों की संख्या लगातार बढ़ रही थी:जेम्स क्लेवरली

इस मामले में ब्रिटन के गृह सचिव जेम्स क्लेवरली का कहना है कि छात्र वीजा की वजह से देश में अप्रवासियों की संख्या लगातार बढ़ रही थी और इससे ब्रिटिश लोगों का सरकार से विश्वास उठ रहा था। दरअसल बढ़ती जनसंख्या की वजह से देश की सार्वजनिक सेवाओं पर बोझ पड़ रहा था और लोगों को उनकी मेहनत के मुताबिक वेतन नहीं मिल रहा था। जेम्स क्लेवरली ने कहा कि इसके बाद उनके कार्यालय द्वारा छात्र वीजा के संबंध में आंकड़े जारी किए गए। उन्होंने आगे कहा कि उनके द्वारा कानूनी प्रवासन में अब तक की सबसे बड़ी कटौती करने का वादा किया गया था। इस संबंध में बिना समय गंवाए कार्रवाई शुरू की गई। क्लेवरली ने कहा कि कार्रवाई का असर दिखा और अप्रवासियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। यह दर्शाता है कि आश्रितों की संख्या में कटौती के लिए आवश्यक कार्रवाई क्यों की गई।

### ब्रिटेन के गृह विभाग के आंकड़े

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2023 के बीच छात्र वीजा पाने वाले भारतीयों की संख्या में 85,849 की वृद्धि हुई थी। यह अब तक का उच्चतम आंकड़ा था। 2023 में भारत के 1,20,110 छात्रों को वीजा प्रदान किया गया, जो कि 2022 की तुलना में 14 प्रतिशत कम था। 2024 में जनवरी से लेकर मार्च महीने के बीच छात्रों के साथ आने वाले आश्रितों की संख्या में 80 प्रतिशत तक गिरावट देखने को मिली है। जेम्स क्लेवरली ने कहा है कि कड़े वीजा मानदडों की वजह से यह गिरावट देखने को मिली है।

# श्रीलंका में रोमांचक मोड़ लेगा राष्ट्रपति चुनाव, विक्रमसिंघे-राजपक्षे के बीच हो सकती है चुनावी जंग

**कोलंबो, 01 मई 2024।** श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आ रहा है और इसे लेकर राजनीति में अभी से हलचल देखने को मिल रही है। इस बीच खबर है कि राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भी चुनाव में पुनर्निवाचन के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। अगर विक्रमसिंघे अपनी दावेदारी पेश करते हैं, तो उन्हें अपनी ही कैबिनेट के साथी रहे विजयदासा राजपक्षे से चुनौती मिल सकती है। बता दें कि राजपक्षे वर्तमान में श्रीलंका के कानून मंत्री का पद संभाल रहे हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने क्या कहा?

श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना का कहना है कि 65 साल के विजयदासा राजपक्षे 15 नवंबर से पहले होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवार होंगे। सिरिसेना ने कहा कि एसएलएफपी के लिए राजपक्षे एक उपयुक्त प्रत्याशी हैं।

### एसएलपीपी के सदस्य रह चुके हैं राजपक्षे

इससे पहले राजपक्षे श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) पार्टी के सदस्य रह चुके हैं, जो कि अब टूट चुकी है। इस पार्टी में महिंदा राजपक्षे के प्रति वफादार यूनाइटेड पीपुल्स फ्रीडम अलायंस के नेताओं का जमावड़ा था। एसएलपीपी के नेताओं के एक टीम की अगुवाई 75 वर्षीय विक्रमसिंघे कर रहे हैं। इसके अलावा पार्टी



के दूसरे सदस्य विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन समागी जना बालवेगया (एसजेबी) के साथ जुड़े हुए हैं। यहां खास बात यह भी है कि एसएलपीपी द्वारा इस बार के चुनावों में उम्मीदवार खड़ा करने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही। दरअसल 2022 में पार्टी का बड़े पैमाने पर विरोध किया गया था, जब श्रीलंका में आर्थिक संकट के लिए प्रदर्शनकारियों ने राजपक्षे परिवार को दोषी ठहराया था।

### रानिल विक्रमसिंघे को इस बात की उम्मीद

उधर विक्रमसिंघे ने भी अभी अपनी उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है, हालांकि देश को दिवालियापन से बाहर निकालने के लिए वह पुनर्निर्वाचन के लिए क्रॉस-पार्टी समर्थन पर भरोसा कर रहे हैं। उधर मुख्य विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा और मार्क्सवादी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) पार्टी के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके पहले ही अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर चुके हैं

बता दें कि सिरिसेना की पार्टी एसएलएफपी अप्रैल की शुरुआत से ही अव्यवस्थित नजर आ रही है। इस दौरान उन्होंने राजपक्षे को पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में नामित किया था लेकिन अदालत के आदेश से सिरिसेना पर नेता के रूप में प्रतिबंध लगा दिया गया। इतना ही नहीं, अदालत ने राजपक्षे को भी काम करने से रोकने आदेश दिया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो सिरिसेना और पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा के नेतृत्व वाले दो गुट गंभीर कानूनी पचड़े में उलझे हुए हैं।

# सिंध में जबरन हो रहा हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन,पाकिस्तान की सीनेट में दानेश पलयानी का दावा



**इस्लामाबाद,01 मई 2024।** पाकिस्तानी हिंदू नेता और सीनेट के सदस्य दानेश कुमार पलयानी ने सिंध प्रांत में गंभीर मानवाधिकार संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि हिंदू समुदाय की लड़कियों को जबरन इस्लाम में परिवर्तित किया जा रहा है।

### हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन हो रहा- पलयानी

दानेश कुमार पलयानी ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा हिंदू लड़कियों से जबरन इस्लाम धर्म कबूल करवाया जा रहा है। जिन इलाकों में हिंदू बसे हुए हैं, वहां लड़कियों का धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। सीनेट में अपनी बात रखते हुए पलयानी ने कहा कि पाकिस्तान हमें यह अधिकार देता है कि कोई भी किसी को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कुरान में भी इस बात का जिक्र किया गया है कि धर्म में कोई जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। इसके बाद भी कुछ लोगों को पाकिस्तान के संविधान और यहा तक कि कुरान शरीफ पर भी विश्वास नहीं है।

### पलयानी ने सरकार पर साधा निशाना

पाकिस्तानी हिंदू नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हिंदुओं की बेटियां कोई लूट का माल नहीं है, जिनका कोई भी जबरन धर्म परिवर्तन करवाए। उन्होंने दो साल पर प्रिया कुमारी नाम की बच्ची के अपहरण का जिक्र करते हुए कहा कि सिंध में हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। दानेश कुमार ने कहा कि पाकिस्तान सरकार ऐसे लोगों के खिलाफ कोई भी सख्त कदम नहीं उठा रही, जिनकी वजह से देश का नाम बदनाम हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान के संविधान, यहां तक कि पवित्र कुरान में भी लिखा है।

कि जबरन धर्म परिवर्तन कराना गलत है।

### संयुक्त राष्ट्र ने भी जताई थी चिंता

इससे पहले 11 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र ने भी पाकिस्तान के अल्पसंख्यक इलाकों से गायब हो रही युवतियों और महिलाओं के मामले पर चिंता जताई थी। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा था कि पाकिस्तान में ईसाई और हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन की आग में झोंका जा रहा है। अल्पसंख्यक बहुल इलाकों की लड़कियों को धर्म परिवर्तन,अपहरण,बाल विवाह और मानव तस्करी जैसे अपराधों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट के अधिकारियों ने कहा था कि यह जघन्य अपराध है और इसे सहन नहीं किया जाएगा।

# सिम ब्लॉक करने की धमकी देकर पैसा जुटाने की कोशिश में कंगाली से जूझ रही पाकिस्तान सरकार

**इस्लामाबाद, 01 मई 2024।** आर्थिक तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान अब अपने नागरिकों की जेब से पैसे निकालने की तैयारी कर रहा है। दरअसल पाकिस्तान की सरकार उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने जा रही है, जिन लोगों ने टैक्स नहीं भरा है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान के संघीय राजस्व बोर्ड ने आयकर आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक देश में 5,06,671 लोगों को मोबाइल सिम कार्ड ब्लॉक किए जाएंगे। यह कार्रवाई उन लोगों के खिलाफ की जाएगी, जिन्होंने साल 2023 में टैक्स नहीं भरा है।



### टैक्स कलेक्शन बढ़ाने की कवायद

आदेश में कहा गया है कि जब तक ये लोग टैक्स फाइल नहीं करेंगे, तब तक उनके सिम कार्ड ब्लॉक ही रहेंगे। पाकिस्तान की टेली कम्युनिकेशन अथॉरिटी ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स को आयकर विभाग के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स को 15 मई तक आदेश के पालन संबंधी रिपोर्ट सौंपने को भी कहा है। पाकिस्तान के संघीय राजस्व बोर्ड ने देश में 24 लाख ऐसे लोगों की पहचान की है, जिन्होंने टैक्स रिटर्न फाइल नहीं किया है। इन सभी को नोटिस जारी किया गया है। इनमें से संघीय राजस्व बोर्ड ने पांच लाख लोगों के खिलाफ सिम कार्ड ब्लॉक करने की कार्रवाई करने का फैसला किया है।

### पाकिस्तान में बढ़ी करदाताओं की संख्या

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संघीय राजस्व बोर्ड को 1 मार्च 2024 तक 42 लाख लोगों ने टैक्स का भुगतान किया है, जो कि पिछले साल के 38 लाख की तुलना में ज्यादा है। संघीय राजस्व बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि हर हफ्ते सोमवार को बोर्ड एक्टिव टैक्सपेयर लिस्ट जारी करेगा, जिसमें टैक्स जमा करने वाले करदाताओं के नाम ऑटोमैटिक तरीके से अपलोड होंगे। जैसे करदाताओं के नाम संघीय राजस्व बोर्ड की लिस्ट में आएंगे तो टेलीकम्यूनिकेशन विभाग उनके सिम फिर से चालू कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान में वेतनभोगी और गैर वेतनभोगी लोगों को अलग-अलग टैक्स देना होता है। पाकिस्तान में छह लाख रुपये की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होता। वहीं छह लाख से 12 लाख रुपये तक की सालाना कमाई वाले नौकरीपेशा लोगों को ढाई फीसदी टैक्स देना होता है। 12 से 24 लाख पर साढ़े 12 फीसदी, 24 लाख से 36 लाख पर 20 फीसदी, 36 लाख से 60 लाख तक 25 फीसदी और 60 लाख से 1.20 करोड़ की सालाना कमाई पर 32.5 फीसदी टैक्स देना पड़ता है।

# चीन में भीषण हादसाः हाईवे का एक हिस्सा ढहा, कई गाड़ियां दबीं, कम से कम 24 की मौत

**बीजिंग, 01 मई 2024।** चीन के गुआंगदोंग प्रांत में बुधवार को एक भीषण हादसा हुआ। यहां एक हाईवे का पूरा हिस्सा अचानक ही ढह गया। इस घटना के बाद करीब 18 वाहन मलबे में दब गए। हादसे में अब तक कम से कम 24 लोगों के मारे जाने की खबर है।



पुलिस के मुताबिक,मेझू शहर और दाबू काउंटी के बीच बने एस12 हाईवे का करीब 17.9 मीटर हिस्सा अचानक ही ढह गया। यह घटना देर रात करीब 2.10 बजे की है। स्थानीय मीडिया ने 24 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं 25 लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं और उनका इलाज जारी है।

इस घटना का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसमें मलबे में दबे वाहनों से धुआं निकलते देखा जा सकता है। बताया गया है कि राहत-बचाव कार्यों के लिए करीब 500 लोग मौके पर मौजूद हैं। पुल के ढहने के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

#### निर्वाचन कार्य में लापरवाही:

# ग्राम पंचायत श्रीगढ़ व बधियाचुंआ के सचिव निलंबित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 01 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन अन्तर्गत कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर ग्राम पंचायत श्रीगढ़ एवं बधियाचुंआ के सचिव को निलंबित किया गया है। जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम बधियाचुंआ के सचिव दयाराम पैंकरा को मतदान केंद्र क्रमांक 144 और जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत श्रीगढ़ के सचिव संदीप शर्मा को मतदान केंद्र क्रमांक 138 में मतदान संबंधी गलत जानकारी प्रदर्शित करने पर इन्हें निलंबित किया गया हैं। इनका यह कृत्य दिए गए निर्देशों की अवहेलना एवं निर्वाचन जैसे




महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही को प्रदर्शित करता है। कार्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 के विपरीत होने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इन दोनों का मुख्यालय जनपद पंचायत अंबिकापुर में नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

बता दें कि ग्राम पंचायत बधियाचुंआ सचिव दया राम पैंकरा को प्राप्त अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत विशुनपुरखुर्द में छत्रपाल, सचिव ग्राम पंचायत ठाकुरपुर को एवं ग्राम पंचायत बधियाचुआं का अतिरिक्त प्रभार हरि सिंह, सचिव ग्राम पंचायत खैरबार को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत में संलग्न सचिव शकील अहमद को ग्राम पंचायत कंठी में पदस्थ करते हुए ग्राम पंचायत श्रीगढ़ का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है।

# बार्डर के जंगल में रेड,जीत-हार का दांव लगा रहे 14 अंतर्राज्जीय जुआरी धराए

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर, 01 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले के झापर जंगल मे रेड कर पुलिस ने 14 अंतर्राज्जीय जुआरियों को घर दबोचा है। पुलिस ने जुआरियों से साढ़े 71 हजार रुपये नगद सहित 14 नग मोबाइल और 3 मोटरसाइकल भी जप्त किया है।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अंकित गर्ग,पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही जारी है। छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश के सरहद में स्थित चौकी बलंगी प्रभारी उप निरीक्षक विजय दुबे को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम झापर जंगल में मुख्य कच्ची मार्ग के किनारे जंगल में कुछ जुआरियों द्वारा रूपये-पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर डॉ लाल उमेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक बलरामपुर-रामानुजगंज के निर्देशन पर चौकी वाड्रफनगर, थाना रघुनाथनगर व चौकी बलंगी से संयुक्त टीम बनाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही के निर्देशानुसार, निमेष बरैया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं रामअवतार ध्रुव, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी वाड्रफनगर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रघुनाथनगर निरीक्षक संतलाल आयाम के नेतृत्व में ग्राम झापर में रेड कार्यवाही किया गया। जहाँ एक आम पेड़ के नीचे पीले रंग के तिरपाल में कुछ जुआरी दिखे। जिन्हे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर धर दबोचा। गिरफ्तार 14 जुआरियों में क्रमशः आशीष पाण्डे आ. रमेश चंद पाण्डे 27 वर्ष निवासी केसारी थाना रघुनाथनगर जिला बलरामपुर, महबूब आ. अब्दुल्लाशेख 25 वर्ष निवासी ग्राम डुमरहर थाना बभनी जिला



सोनभद्र उप्र, विकाश कुमार पाण्डे आ. गीताशरण पाण्डे 30 वर्ष निवासी केसारी थाना रघुनाथनगर जिला बलरामपुर, रामदुलारे आ. त्रिवेणी प्रसाद 42 वर्ष निवासी शिशटोला थाना बभनी जिला सोनभद्र उप्र, धीरेन्द्र ठाकुर आ. बाबुसाहेब ठाकुर 43 वर्ष निवासी बैकुण्ठपुर कुटनपारा जिला कोरिया छग, अवधेश कुमार साहू आ. रामरतन साहू 24 वर्ष निवासी भुनेश्वरपुर थाना रामानुजनगर जिला सूरजपुर छग, अशोक कुमार गुर्जर आ. श्यामबिहारी 41 वर्ष निवासी बरहपान चौकी गोभा थाना बैढ़न मप्र, अवध कुमार गुर्जर आ. स्व. जगदीश प्रसाद 50 वर्ष निवासी आसनडीह थाना रघुनाथनगर जिला बलरामपुर, राजेश कुमार आ. हरिप्रसाद जायसवाल 40 वर्ष निवासी कुदारी थाना मेउरपुर जिला सोनभद्र उप्र, रामनाथ जायसवाल आ. स्व. धंतलाल जायसवाल 40 वर्ष निवासी पेण्डारी थाना बीजपुर जिला सोनभद्र उप्र, पप्पू गुप्ता आ. चंद्रीका प्रसाद गुप्ता 39 वर्ष निवासी बैकुण्ठपुर बाजारपुरा जिला कोरिया, संतोष कुमार भारती आ. रामलाल भारती 25 वर्ष निवासी घोटी थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली, राजाराम साह आ. मोतीलाल साह 32 वर्ष निवासी बैढ़न बलियारी रोड थाना बैढ़न जिला सिंगरौली मप्र और शंभू पाण्डेय आ. स्व. भानूराम पाण्डेय 55 वर्ष निवासी हरई थाना बैढ़न जिला सिंगरौली मप्र शामिल हैं। जुआ फण्ड से नकद 71,500 रूपये, 14 नग मोबाईल फोन कीमत 1,45,900 रूपये एवं 03 नग मोटर सायकल कीमत 98,000 रूपये कुल 3,15,400 रूपये का नगद सहित सामान जप्त किया गया। जुआरियों के विरुद्ध छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत् कार्यवाही किया गया है।

कार्यवाही में उप निरीक्षक डाकेश्वर सिंह चौकी प्रभारी वाड्रफनगर, उप निरीक्षक विजय दुबे चौकी प्रभारी बलंगी, सहायक उप निरीक्षक नन्दलाल,ललित एक्का,प्रधान आरक्षक पवन सिंह,कलेश पैकरा,बृजभान सिंह आरक्षक शिवकुमार पटेल,जुगेश जायसवाल,सुमन केरकेटटा, प्रेम कुमार,मनोज गुप्ता,श्रीकांत यादव, रामपुकार शामिल रहे।

# गीत-संगीत की लय के साथ मतदान के महत्व पर एक शाम वोटर्स के नाम





-संवाददाता-
कोरिया,01 मई 2024
(घटती-घटना)।

जिला स्वीप समिति द्वारा आयोजित एक शाम वोटर्स के नाम कार्यक्रम में गीत, संगीत के माध्यम से मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया। बैकुंठपुर शहर से बड़ी सँख्या में इस कार्यक्रम को सुनने, देखने पहुंचे थे। सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जब निर्वाचन आयोग हम मतदाताओं के लिए इतना कुछ कर रहे हैं तो हम भी अपने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान अवश्य करेंगे, वहाँ उपस्थित मतदाताओं ने मतदान करने का संकल्प भी लिए।

कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने कहा स्वीप संध्या का बहुत सुंदर आयोजन जिला स्वीप समिति कोरिया द्वारा किया गया है। वास्तव में हर एक वोट बहुत महत्व है। उन्होंने बताया कि विगत दो विधानसभा चुनाव में जिले में मतदान प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने कोरिया जिले को बधाई प्रेषित की गई। श्री लंगेह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के साथ एक बार फिर इस निर्वाचन में अपनी जगह शीर्ष पर बनाएंगे। सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि एक-एक वोट का महत्व है, इसलिए सभी लोग 7 मई को जरूर मतदान करने पहुंचे। सीईओ जिला पंचायत डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि स्वीप संध्या में बहुत ही रचनात्मक तरीके से विभिन्न वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन के बारे में जानकारी दी गई। एंड्रॉयड स्मार्टफोन के माध्यम से मतदाता को सी विजिल, केवाईसी जैसे एप का इस्तेमाल कर कार्यालयों के चक्कर लगाने से बच सकते हैं। उन्होंने आम लोगों से कहा कि स्वयं मतदान करें और अपने आसपास के मतदाताओं को अपने साथ लेकर मतदान के लिए जरूर जाएं। जिला प्रशासन द्वारा किए गए इस तरह के अनूठी पहल को शहरवासियों ने सराहा है और 7 मई को होने वाले मतदान प्रतिशत में इज़ाफ़ा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत इंदिरा पार्क, बैकुंठपुर में आयोजित एक शाम वोटर्स के नाम कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अरुण कुमार मरकाम, शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार व विभिन्न विभागों व निर्वाचन कार्य से सम्बद्ध अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आबाकारी ने मारा छापा, अवैध शराब पकड़ाया

-संवाददाता-
कोरिया 01 मई 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन सहित तमाम विभाग अलर्ट है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग ने जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मार्च 2024 में मदिरा के अवैध विनिर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रतिबंध रखने हेतु लगतार सघन गस्त व छापामार की कार्यवाही की गई। सघन गस्त के दौरान जिले में कुल 52 जांच एवं छापा मारे गए। तथा 26 प्रकरणों के तहत 147.83 बल्क लीटर मदिरा, 270 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त की गई है। धारा 34(1)च के तहत 5, धारा 34 (1) (क) के तहत 12, धारा 34 (1) (ख) के तहत 1, धारा 34 (1) च के तहत एक, धारा 36 (क) के तहत 5 तथा धारा 36 (च) (1) के तहत 2 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी दी है कि बैकुण्ठपुर में आबकारी नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे खुला रहेगा। दूरभाष नम्बर 07836-232199 पर या नियंत्रण कक्ष में जाकर अवैध शराब बिक्री के संबंध में कोई भी व्यक्ति जानकारी व शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## 05 से 07 मई तक एवं 04 जून को शुष्क दिवस घोषित

-संवाददाता-
कोरिया,01 मई 2024 (घटती-घटना)।

जिले में लोकसभा चुनाव को निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से 05 मई से 07 मई मतदान समाप्ति तक जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की सभी मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने दिए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1951 की धारा 135-ग की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा दुकानों, होटल, क्लब बार को मतदान समाप्ति के 48 घंटे के पूर्व अर्थात 05 मई 2024 की शाम 5 बजे से 07 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना दिवस 04 जून 2024 को सम्पूर्ण दिवस शुष्क अवधि घोषित किया है। उक्त अवधि में समस्त मदिरा दुकानों को पूर्णतः बंद रखे जाने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं।

## मेहनतकश श्रमिकों ने कहा मतदान करबो- कराबो

### श्रमिकों के योगदान अतुलनीयःश्री लंगेह



-संवाददाता-
कोरिया,01 मई 2024
(घटती-घटना)।

आज अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जहाँ देश-दुनिया में मजदूरों, श्रमिकों का सम्मान किया जा रहा है, तो वहीं कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत द्वारा मनरेगा में कार्यरत श्रमिकों व अन्य कामगारों को लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा निर्वाचन के तहत 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जन-जागरूकता चलाया गया और इन श्रमिकों के श्रम का सम्मान करते हुए उन्हें मताधिकार के बारे में भी जानकारी दी और उन्हें शपथ भी दिलाया गया।



### देश के विकास में अतुलनीय योगदान

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह लगातार जिले के हर वर्ग के मतदाताओं को 7 मई को याद से मतदान करने के लिए अपील कर रहे हैं। श्री लंगेह ने कहा कि किसी भी समाज, देश, संस्था व उद्योग में मज़दूरों, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है। समाज, देश के विकास में इन श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इन मेहनतकश श्रमिकों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा नहीं किया जा सकता। श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिक भाई-बहनों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के विकास में इनके योगदान अतुलनीय है। इसी कड़ी में आज सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पुसला एवं कटगोडी में चल रहे महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी (मनरेगा) में कार्यरत श्रमिकों को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए आमंत्रण पत्र दिए गए। साथ ही कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान करने की अपील पत्र जनपद पंचायत सीईओ श्री मनोज सिंह जगत ने प्रदान किया।

### मतदान करबो-कराबो

सोनहत जनपद पंचायत के सीईओ मनोज सिंह जगत ने बताया कि मतदान करने के लिए न्यौता पत्र दिया गया, तब श्रमिकों ने कहा हम सब मतदान करने के लिए पहुंचेंगे। हमे मत देने का अधिकार है, हम सबकी जिम्मेदारी व कर्तव्य है कि मंगलवार 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच मतदान करने अपने पड़ोसियों को लेकर जरूर जाएंगे और मतदान करबो- कराबो। श्री जगत ने बताया कि श्रमिकों को स्थानीय बोली-भाषाओं में मतदान हेतु शपथ भी दिलाया गया और श्रम का सम्मान करते हुए श्रमिकों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति हौसला- अफजाई भी किया।



## कुसमी में शुरु हुआ रात्रीकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

-संवाददाता-
कुसमी,01 मई 2024 (घटती-घटना)।

क्रिकेट प्रेमियो के लिये आदित्य बिरला गुप्र हिन्डालको के द्वारा हाईस्कूल मैदान में रात्रीकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता कुसमी इंडियन लीग 2024 के नाम से कराया जा रहा है। गौरतलब है कि इस क्रिकेट मैच प्रतियोगिता के माध्यम क्षेत्र के युवाओ का 12 टीम बनाकर 216 खिलाड़ियो को क्रिकेट खेलने का अवसर दिया गया है। तो वही इस बार के प्रतियोगिता में जुनियर यानि 14 साल के कम उम्र के बच्चो को भी किक्रेट खेलने का अवसर भी दिया गया है। 9 टीम बनाकर कुल 130 बच्चो को किक्रेट प्रतियोगिता में रखा गया है। जानकारी के मुताबिक इस क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 51 हजार नगद ट्राफी द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25100 रुपये ट्राफी तृतीय स्थान पाने वाले को 13100 रुपये ट्राफी चतुर्थ स्थान 7100 रुपये ट्राफ्री दिया जायेगा। कुसमी शहर वैसे तो यहाँ पर क्रिकेट को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखने को मिलता है और जब कोई बड़ा किक्रेट प्रतियोगिता शुरु होता है तो यहाँ के व्यपारियो में भी उत्साह रहता है। खिलाड़ियो के लिये विभिन्न प्रकार की सुविधा देने के साथ-साथ कई ईनाम की भी घोषणा व्यपारी गण करते है,जिससे की यहाँ के खिलाड़ियो में ईनाम पाने के लिये एक अलग सा उत्साह रहता है। हर खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन करने का पुरा प्रयास करता है। वही इस वर्ष हो रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में 14 वर्ष से नीचे आने वाले बच्चे भी काफी उत्साहित दिख रहे है क्योकि उन्हे भी इस प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे भी काफी खुश है और खूब पसीना भी बहा रहे तैयारी में ताकि वे इस प्रतियोगिता में अच्छा खेल का प्रदर्शन कर सके।

### भटगांव विधानसभा के भैयाथान पहुंचे जहां उन्होंने आमसभा को संबोधित किया...

## राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट

## कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील की






-संवाददाता-
सूरजपुर,01 मई 2024
(घटती-घटना)।

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और छतीगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को जिले के दो विधानसभा क्षेत्र के दो जगहों पर सभा कर कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील की पहला सभा भटगांव विधान सभा के भैयाथन व दूसरा सभा प्रेमनगर विधान सभा अंतर्गत ग्राम पचीरा में विशाल आम सभा को संबोधित किया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी शशि सिंह के पक्ष में जनता से आशीर्वाद मांगने के लिए भटगांव विधानसभा के भैयाथान पहुंचे जहां उन्होंने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा की दो चरण के चुनाव में पूरे देश मे कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का बढ़त है और अब जनता बदलाव चाहती है इस लिए कुछ दिनों से भाजपा 400 का नारा बंद कर दी है भाजपा तो अब राशन देना भी बंद कर रही है वही उन्होंने कांग्रेस के लिए आशीर्वाद मांगा वही मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनता अब जान गई है की भाजपा ने 10 साल के कार्यकाल में बस झूठे वादा किए हैं हमारे उम्मीदवार भाजपा के उम्मीदवारों से कहीं अच्छे हैं छत्तीसगढ़ में जो दो चरण में चुनाव हुए है उसमें चार सीट के चुनाव में हम बहुत आगे हैं और सरगुजा लोकसभा सीट से पार्टी ने एक युवा पढ़ी लिखी को उम्मीदवार बनाया सरगुजा लोकसभा से हम अच्छे वोटो से चुनाव जीत रहे हैं वही भाजपा पर कहा की एक और जहां भाजपा 400 का नारा दे रहा है दूसरी ओर दूसरे दल से आए लोगो को चुनाव लड़ा रही है पर जनता सब जानती है और जनता तय करेगी कौन अच्छे उम्मीदवार है। देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कोरबा लोकसभा के कटघोरा में दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि दो चरण की चुनाव में ही मोदी जी ने सेंचुरी मार दिया है उसका जवाब देते हुए कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि उनको कैसे पता कि सेंचुरी मार दिया है बड़ी-बड़ी बातें करने से अच्छा प्रचार करें जनता किसान नौजवान सभी इस सरकार से उब चुके हैं और सभी बदलाव चाहते हैं।

## 6269 वाहन चालकों पर कार्रवाई

### 19,46,300 रूपये वसूल की गई समन शुल्क




-संवाददाता-
सूरजपुर,01 मई 2024
(घटती-घटना)।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तथा सड़क हादसों से बचाव के लिए लोगो को जागरूक करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। माह अप्रैल 2024 में जिले की पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले 6269 लोगों पर कार्यवाही करते हुए 19 लाख 46 हजार 3 सौ रूपये का समन शुल्क वसूल किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में थाना-चौकी प्रभारी सहित यातायात पुलिस के द्वारा माह अप्रैल 2024 में विभिन्न चौक-चौराहों, अंर्तराज्जीय व जिले की सरहदी क्षेत्र में स्थित बैरियर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 6269 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लायसेंस, बिना सीटबेल्ड, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 19 लाख 46 हजार 3 सौ रूपये का समन शूल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया। यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने वाहन चालकों से अपील किया है कि जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाने में पुलिस का सहयोग करें,यातायात नियमों का पालन करें, अपने नाबालिक बच्चों को कभी भी वाहन न दे जब-तक वे 18 वर्ष के न हो जाये व परिवहन विभाग से वाहन चलाने का वैध लायसेंस न बना ले। दोपहिया में तीन सवारी न चले, बिना हेलमेट देपहिया वाहन न चलाए, बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाए नशे की हालत में वाहन न चलाएं, दुर्घटना से देर भली-जीवन अनमोल है।

# अधिकारियों की लापरवाही उजागर...भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पीडीएस भवन

-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर,01 मई 2024
(घटती-घटना)।



एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने की सरकार जहां पुरजोर कवायद कर रही है। वही सूरजपुर जिले प्रतापपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में नियम विपरीत मानक विहीन पीडीएस भवन निर्माण कार्य करने का रिकॉर्ड तोड़ने में लगी हुई है। ब्लॉक के जिम्मेदार कोई सटीक जवाब नहीं दे पा रहे हैं। सरकारी धन में बंदर बांट के जरिए जमकर चूना लगाया जा रहा है। किस योजना में किस संस्था द्वारा कितने धन से कार्य कराये जा रहे है ग्रामीणों को कोई जानकारी ही नहीं मिल पा रही है। ऐसे में कैसे हो पाएगा गुणवत्ता परक कार्य? जिसकी तरफ जिला प्रशासन और प्रदेश शासन को इस बात की गंभीरता पूर्वक जांच करने की आवश्यकता है।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत छः ग्राम पंचायतों में बन रहे नवीन पीडीएस भवनों के कार्य तकनीकी सहायक की घोर लापरवाही के कारण गुणवत्ताविहीन कार्य हो रहे हैं। जिससे ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में आक्रोश है। जिले के कलेक्टर रोहित व्यास ने ग्रामीणों को सुलभता से राशन उपलब्ध कराने ग्राम पंचायत बुढाडांड़, सिलफिली में मनरेगा के तहत नवीन पीडीएस भवनों के निर्माण की मंजूरी दी है। प्रत्येक भवन 12 लाख 62 हजार की लागत से बनाया जाना है। पीडीएस भवनों का निर्माण कार्य कराने के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाया गया है। इन भवनों का निर्माण कार्य पंचायतों को मनरेगा के तकनीकी सहायक के निर्देशानुसार करना है। पर बताया जा रहा है कि इन भवनों के निर्माण कार्य को कार्ययोजना के अनुरूप कराने के लिए नियुक्त तकनीकी सहायक कभी भी निर्माण स्थल पर नहीं पहुंचे। ऊपर से इन्होंने सरपंच सचिवों को भवनों के निर्माण से संबंधित तकनीकी जानकारी भी नहीं दी। जिसके कारण संबंधित पंचायतों के सरपंच सचिव अपने अधूरे ज्ञान के बलबुते इन पीडीएस भवनों का निर्माण कार्य करा रहे हैं। बताया जा रहा है कि भवनों की डोर बीम के बिना ही ढाल दी गई है। दरवाजे के ऊपरी हिस्से में भी बीम नहीं है। साथ ही निर्माण सामग्री का उपयोग भी तय मात्रा में नहीं किया जा रहा है। कुल मिलाकर इन भवनों का निर्माण कार्य कार्ययोजना के विपरीत किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि जिस तरह से इन भवनों के निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है उससे स्पष्ट है कि यह भवन ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएंगे। बता दें कि क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिवों को भवनों व अन्य तरह के निर्माण कार्य कराने से संबंधित तकनीकी ज्ञान नहीं है। जिसके कारण वे कार्ययोजना के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं करा पाते हैं। इस समस्या के निवारण के लिए शासन ने मनरेगा के तहत पंचायत स्तर पर होने वाले निर्माण कार्यों को कार्ययोजना के अनुरूप कराने के लिए तकनीकी सहायकों की नियुक्ति कर रखी है। पर बड़े ही अफसोस का विषय है कि यह तकनीकी सहायक शासन व कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नहीं कर रहे हैं।

### क्या कहते है अधिकारी

इस विषय में एसडीएम ललित भगत ने कहा कि इस विषय में तत्काल जनपद सीईओ से वार्तालाप करती हूं।

जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मिरझा ने कहां की मामले का जांच हेतु निर्देशित करता हूं कार्य मिलापरवाही अपने पर आवश्यक कार्यवाही होगी

### मुख्यालय में नहीं रहते तकनीकी सहायक

बता दें कि जनपद पंचायत प्रतापपुर में कार्यरत तकनीकी सहायकों में से इक्का दुक्का ही मुख्यालय में निवास करते हैं। बाकी के तकनीकी सहायक अंबिकापुर से आना जाना करते हैं। जबकि शासन ने इन तकनीकों सहायकों को मुख्यालय में ही निवास करने की सुविधा भी दे रखी है। तकनीकी सहायकों को निवास की सुविधा देने जनपद पंचायत कार्यालय के पास में ही एक बड़ा सा शासकीय भवन बना हुआ है जिसमें प्रत्येक तकनीकी सहायक के लिए अलग अलग कमरे बने हुए हैं। पर इस भवन में तकनीकी सहायक कभी रुकते ही नहीं वे तो अपने दूरदराज में स्थित घरों से ही आना जाना पसंद करते हैं। जिसके कारण यह भवन बेकार साबित हो रहा है। ऊपर से यह तकनीकी सहायक अपने कार्यालय में भी निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते हैं और जब पहुंचते हैं तो बमुश्किल एक या दो घंटे तक कार्यालय में रहकर वापस अपने घर लौट जाते हैं। यहां तक की पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों का मूल्याकंन करने भी मौके पर नही पहुंचते। इसे भी कागजों में ही निपटाकर खानापूर्ति कर लेते हैं।

### एसडीओ, मनरेगा अधिकारी की भूमिका संदिग्ध

प्रतापपुर जनपद पंचायत में 6 पी डी एस भवन बने है जिसका मूल्यांकन आर ई एस विभाग के एसडीओ के द्वारा किया जाता है जिसमे भवन के गड्ढे ,नीव, बीम और भी तकनीकी खामी को देखना होता है। जिसमे बिना डोर बीम के ही ढलाई हो गया है। और मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी जनपद सीईओ इसकी निगरानी करते हैं इसके बाद भी इतनी बड़ी लापरवाही की जा रही है। जिसमे अधिकारियों की भी मिलीभगत है।

## मतदान के दिन घर से निकल कर मतदान करने की कलेक्टर ने की अपील

-संवाददाता-
कोरबा,01 मई 2024
(घटती-घटना)।



कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एवं सीईओ जिला पंचायत व स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के निर्देशन में पाली विकासखण्ड मुख्यालय में मतदाता जागरूकता,बाइक रैली, रंगोली, मेंहदी,नुक्कड़-नाटक,सामूहिक गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पाली के आम नागरिकों और शासकीय अधिकारियो-कर्मचारियों द्वारा पाली-केराझरिया,पोड़ी तक बाइक रैली निकालकर आम मतदाताओं को मतदान दिवस में मतदान करने की अपील की गई। बाइक रैली में विभिन्न स्लोगन और संदेशों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए अपने अधिकार का उपयोग करने कहा गया। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई।

पाली के हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों आमनागरिकों को कलेक्टर श्री वसंत ने शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि वोट डालने का अधिकार हमें संविधान से मिला है। हम भले ही पांच साल में एक बार मतदान करते हैं, लेकिन एक बार का मतदान हमें अपने क्षेत्र के विकास के लिए पांच साल तक बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है, इसलिए आप सभी अपने मताधिकार का सही इस्तेमाल कर पसंद के उम्मीदवार को चुने। कलेक्टर ने कहा कि 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान है। इस दिन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य परिचय पत्र लेकर संबधित मतदान केंद्र अवश्य जाएं और वोट डालकर आएं। कार्यक्रम में कलेक्टर ने आकाश में गुब्बारे छोड़कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। रैली में एसडीएम पाली सुश्री रूचि शार्दुल,जनपद सीईओ भूपेंद्र सोनवानी,बीईओ श्यामानंद साहू, नायब तहसीलदार सुनील गुप्ता, राशिका अग्रवाल, सीडीपीओ प्रतिभा पाण्डेय,सीएमओ पूर्णेन्दू तिवारी सहित विभिन्न विभागों के खंड व पंचायत स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## होम वोटिंग के पहले दिन घर जाकर मतदान दल ने कराई वोटिंग

### बुजुर्गों, दिव्यांगजनों में दिखा उत्साह,निर्वाचन आयोग को दिया धन्यवाद

### सूरजपुर अंतर्गत आज 37 मतदाताओं ने की होम वोटिंग

-संवाददाता-
सूरजपुर,01 मई 2024
(घटती-घटना)।



संसदीय क्षेत्र सरगुजा (01) अंतर्गत आज सूरजपुर जिले में होम वोटिंग की शुरूआत हुई। जिले में दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी गई। जिसमें जिले के तीनों विधानसभा में तय रूट चार्ट के तहत होम वोटिंग के लिए गाड़ी जिला संयुक्त कार्यालय से रवाना हुई। मतदान दल द्वारा निर्धारित घरों में पहुंचकर मतदाताओं से वोटिंग कराई गई, जिससे कोई भी पात्र मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में मतदान से वंचित न हो, मतदाताओं द्वारा घर पर ही डाक मतपत्र द्वारा अपने मताधिकार उपयोग किया गया। बुजुर्ग व दिव्यांगजन के अंतर्गत सूरजपुर जिले से 40 मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था। जिसमें आज प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार 37 लोगों द्वारा मताधिकार प्रयोग किया गया। 03 मतदाता अनुपस्थित रहें जिसमें 01 की मृत्यु व अन्य 02 लोग स्वास्थ्य कारणों से जिले से बाहर रहने की सूचना प्राप्त हुई है।




## एनटीपीसी कोरबा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा,01 मई 2024 (घटती-घटना)।

एनटीपीसी कोरबा के प्लांट परिसर में स्वीप टीम तथा एनटीपीसी कोरबा ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर तथा ज़िला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत,सीईओ ज़िला पंचायत,संबित मिश्रा,आयुक्त नगर निगम,सुश्री प्रतिष्ठा मामगाई तथा जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। परियोजना प्रमुख सरित माहेश्वरी ने कलेक्टर तथा ज़िला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया जिससे वे अपने मताधिकारी का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर कलेक्टर तथा ज़िला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने समस्त उपस्थितजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई । इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सरित माहेश्वरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान से ही देश की दशा और दिशा बदलेगी । हम सभी को बढ़चढ़ कर मतदान करना है इसके लिए भारत सरकार ने आपको उस दिन का अवकाश भी दिया है ताकि आप अपने मत का प्रयोग अवश्य करें । कार्यक्रम में एनटीपीसी कोरबा के सभी कर्मचारियों,सीआईएसएफ, ठेकेदारों,संविदा श्रमिकों और यूनियन एंड असोशिएशन के काफी संख्या में लोगों ने भागीदारी रही । इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के पाँच आदर्श मतदान केंद्रो पर सभी मतधारियों को अपना मत देने के लिए जागरूक किया गया। मतदान लोकतंत्र की ऊर्जा है, यह कहते हुए कलेक्टर तथा ज़िला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने इस अवसर कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने सभी पात्र नागरिकों को मतदान करने और चुनाव के दौरान निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया एवं संविधान में निहित अधिकारों का पालन करते हुए,सभी लोग अपना वोट डालें तथा भारत के मजबूत लोकतंत्र के निर्माण करने की अपील की। साथ ही सीईओ ज़िला पंचायत,संबित मिश्रा ने वोटिंग टर्नआउट परसेंटेज को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखते हुए सबको मतदान करने की अपील की।

## सेवा निवृत्त हुए एसआई रामसाय राम को डीआईजी,एसएसपी सूरजपुर ने किया सम्मानित





-संवाददाता-
सूरजपुर,01 मई 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एसआई रामसाय राम ने 42 वर्षो तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 अप्रैल 2024 को सेवा निवृत्त हुये। मंगलवार को जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने एसआई को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त एसआई के परिजन भी मौजूद रहे।

इस दौरान डीआईजी-एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे ने कहा कि एसआई रामसाय राम पुलिस विभाग में काफी लम्बी अवधि तक अपनी सेवाएं दी है। जब किसी की पुलिस विभाग में नौकरी लगती है तो खुशी बहुत होती है किन्तु परिजन से दूर भी जाना पड़ता है। एसआई ने पुलिस विभाग में सराहनीय कार्य किये, पुलिस की नौकरी के दौरान अक्सर पुलिस कर्मी घर से दूर रहते हैं विभिन्न परिस्थितियों में नौकरी करने का अवसर मिलता है। सेवा के बाद दूसरी पारी में परिवार के साथ समय व्यतीत कर खुश रहे। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए एसआई को साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह, आनंद राम पैंकरा,पंकज नेमा,दशरथ पैंकरा,अग्रिमा मिश्रा,निरीक्षक जावेद मियांदाद,मनोज सिंह,संजय सिंह, प्रधान आरक्षक नृपेन्द्र सिंह,परिमल भट्टाचार्य,सुरेश सूर्यवंशी सहित जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## श्री श्याम भजनों की अमृत वर्षा में झूमते नाचते रहे पूरी रात भक्त

-संवाददाता-
प्रातपपुर 01 मई 2024
(घटती-घटना)।



प्रतापपुर नगर में श्री श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन पूरा भक्ति में माहौल में संपन्न हुआ जहां भारतवर्ष के मशहूर कलाकार सोनभद्र के संजीव शर्मा कोलकाता के अभिषेक शर्मा माधव और फतेहाबाद हरियाणा की मीना मेहता द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की अनुपम प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्ति में हो गया जहां एक से बढ़कर एक गीतों के श्री श्याम भजनों के साथ में श्री राम भजन सहित विभिन्न प्रकार के गीतों से श्री श्याम प्रभु के दरबार सजाया गया बृहद रूप से आयोजित कार्यक्रम में कोलकाता से आए हुए कार्यक्रमों द्वारा मंच एवं कृपया श्याम प्रभु का दरबार सजाया गया था जहां विधि विधान से पूजा करने के बाद में भक्तों को प्रसाद व भंडारा का भी आयोजन किया गया था पूरी रात भक्ति में जगराता कार्यक्रम में नगर वासी झूमते नाचते हुए नजर आए यहां इस आयोजन में मुख्य रूप से अंकुर सिंघल, सुमित गुप्ता, अमन गर्ग, शुभम मित्तल, अभिषेक गर्ग, अंकित मित्तल, राजेंद्र गुप्ता, राजेश गर्ग, राजेश गुप्ता,गौतम मित्तल, राजेश मित्तल, अनिल मित्तल, आशीष सिंघल, प्रेम पाल अग्रवाल, कंचन सोनी, किशोरी लाल गर्ग, ओम प्रकाश गुप्ता, गरीब राम गोयल, आकाश मित्तल, मुकेश गर्ग, समलेश गुप्ता, विकास गुप्ता,अमित सोनी, सहित भारी संख्या में महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे जहां सरगुजा संभाग के कोने-कोने से भक्तगण श्री श्याम प्रभु के दरबार में पूजन कर आशीर्वाद लिया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील जरही,तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर,(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, आवेदक शिवमंगल सिंह आ0 रामद्रेव जाति गोड़ निवासी ग्राम सेन्धोपारा उप तहसील-जरही, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने पुत्र-सोहन सिंह आ0 शिवमंगल सिंह का जन्म दिनांक 18/04/2005 को ग्राम सेन्धोपारा में घर पर होने का लेख कर जन्म प्रमाण पत्र बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 15/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा।

यह उद् घोषणा मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 01/04/2024 जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
उप तहसील जरही,प्रतापपुर

**न्यायालय नजुल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क्र0202404021200.../अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुलेमान कुजूर आ. स्व. मनीराम निवासी -ग्राम गंझाडांड पो. रघुनाथपुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि आवेदक एवं अनावेदक के पिता के स्वामित्व एवं हक की शीट नं0-03 मोहल्ला -मायापुर नगर-अंबिकापुर स्थित नजुल भू-खंड क्रमांक 1616/2 रकबा 0.14 3/4 एकड भूमि हैं भूधारक मनीराम की मृत्यु दिनांक 06/10/2020 को हो चुकी हैं। अनावेदकगण द्वारा उक्त वादभूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज करा लिया गया हैं। अतः भूधारक की मृत्यू हो जाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त भुमि के अभिलेख में शेष खाताधारकों के साथ स्वयं का नाम दर्ज करने बाव्त आवेदन पत्र अंर्तगत धारा 109,110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया हैं ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा -आपत्ति हो, तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 29/04/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अंबिकापुर,सरगुजा

CMYK

# राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद मैच आज

» राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेंगे सनराइजर्स




**जयपुर,01 मई 2024।** गुरुवार यानी 2 मई को आईपीएल 2024 के 50वें मुकाबले में सीजन की टॉपर टीम राजस्थान रॉयल्स की टक्कर सनराइजर्स हैदराबाद से उसके घर में होगी। वहीं पॉइंट्स टेबल में 9 मैच में से 8 जीतकर पहले स्थान पर हैं। राजस्थान के 16 अंक हैं। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बेहतर प्रदर्शन के बाद पिछले कुछ मुकाबलों से भटकी नजर आ रही है।
वहीं, रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिये इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है। कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई। चार जीत और चार हार के बाद अब दस अंक लेकर 2016 चैम्पियन टीम पांचवें स्थान पर है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही।
सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो बार 250 से अधिक स्कोर बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर सकी। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था ,'' हम लक्ष्य देने में कामयाब रहे हैं और अब लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा।'' सनराइजर्स बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है। दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है।
एडेन मार्करम को अब अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटना होगा जिनका बल्ला अभी तक खामोश रहा है। दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है और 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। शिमरोन हेटमायेर और रोवमैन पॉवेल के अलावा रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी रन बनाये हैं। गेंदबाजी में उनके पास युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट का अनुभव और आवेश खान तथा संदीप शर्मा का जोश है।

**टीमें...**

**राजस्थान रॉयल्स:-**संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**सनराइजर्स हैदराबाद:-** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतिश रेड्डी, शाहबाज अहमद,भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।



## बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 में विजयी बढत लेना चाहेगी भारतीय महिला टीम

**सिलहट,01 मई 2024।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 मैच में बांग्लादेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को उतरेगी तो उसका इरादा श्रृंखला में विजयी बढत बनाने का होगा। पिछले दो मैचों में अपने प्रतिद्वंद्वी को हर मोर्चे पर मात देने वाली भारतीय टीम एक बार फिर इस प्रदर्शन को दोहराने के इरादे से उतरेगी। गेंदबाजों ने अभी तक एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है।
स्पिनर दीप्ति शर्मा, राधा यादव और श्रेयांका पाटिल किफायती रहीं हैं। तेज गेंदबाजी में रेणुका सिंह ठाकुर ने पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि पूजा वस्त्राकर ने भी प्रभावित किया है। करीब 17 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाली डी हेमलता ने पिछले मैच में पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करके 24 गेंद में नाबाद 41 रन बनाये। शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष ने भी रन बनाये हैं। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना फॉर्म में नहीं है। यह श्रृंखला इसलिये भी महत्वपूर्ण है क्योंकि टी20 विश्व कप इस साल के आखिर में बांग्लादेश में ही होना है। मेजबान टीम को तीनों पहलुओं पर मेहनत करनी होगी। बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सके हैं जबकि गेंदबाजों ने भी निराश किया है। फील्डिंग में और चुस्त रहने की जरूरत है।

## मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल



**मैड्रिड,01 मई 2024।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैम्पियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7 . 5, 6 . 4 से हराया। हार के बाद नडाल ने कहा ,'' यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिये यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी।'' नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6 . 3, 6 . 7, 7 . 6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने 16 वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 5 . 7, 6 . 3, 6 . 3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7 . 6, 6 . 4 से हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को 4 . 6, 6 . 0, 6 . 2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की 18वीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 0 . 6, 7 . 5, 6 . 1 से हराया।

## इंडिया अगले साल गुवाहाटी में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली,01 मई 2024।** भारत अगले साल गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। खेल की वैश्विक संचालन संस्था बीडब्ल्यूएफ ने यह जानकारी दी। वर्ष 2008 के बाद यह पहली बार होगा जब विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन भारत में होगा। बीडब्ल्यूएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी।'' भारत ने पिछली बार पुणे में इस प्रतियोगिता की मेजबानी की थी।



बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पॉल-एरिक होयर ने कहा, ''भारत में तेजी से बैडमिंटन में एलीट प्रतिभाएं सामने आ रही हैं और हमारी विश्व जूनियर प्रतियोगिता को दूसरी बार भारत लाना बीडब्ल्यूएफ के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''बीएआई का नया राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन के लिए एक अत्याधुनिक सुविधा है और यह हमारी अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत खिताब के लिए चुनौती पेश करने का आदर्श स्थल होगा।'' हालांकि 2025 में होने वाले इस टूर्नामेंट की तारीखों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। बीडब्ल्यूएफ के थॉमस और उबेर कप फाइनल्स का अगला सत्र डेनमार्क के होर्सेन्स में होगा। यह दूसरी बार है जब डेनमार्क बीडब्ल्यूएफ विश्व पुरुष और महिला टीम चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। वह इससे पहले 2021 में आरहस में इस प्रतियोगिता की मेजबानी कर चुका है। बीडब्ल्यूएफ परिषद की 28 अप्रैल को हुई बैठक में मेजबानी के अधिकार की पुष्टि की गई।

## मार्श की अगुवाई में आस्ट्रेलिया की टी20 वर्ल्ड कप टीम घोषित,स्मिथ,मैकगुर्क को जगह नहीं

**मेलबर्न,01 मई 2024।** हरफनमौला मिचेल मार्श को टी20 विश्व कप के लिये आस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का कप्तान चुना गया जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ और युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में जगह नहीं मिली है। यह एक दशक में पहली बार है कि पूर्व कप्तान और आस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक स्मिथ को विश्व कप टीम से बाहर रखा गया है। चयनकर्ताओं ने ट्रेविस हेड, डेविड वॉर्नर और मार्श पर भरोसा जताया है। आईपीएल में किसी टीम के साथ करार नहीं होने से भी स्मिथ को नुकसान हुआ। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में शुमार स्मिथ ने 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय



मैचों में 125 . 45 की स्ट्राइक रेट से 1094 रन बनाये हैं। वहीं आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिये पांच मैचों में 237 . 50 की स्ट्राइक रेट से 247 रन बना चुके मैकगुर्क का दावा भी पुख्ता था लेकिन चयनकर्ताओं ने कैमरन ग्रीन और जोश इंगलिस को चुना। टीमों के पास 25 मई तक बदलाव का मौका होगा जिसके बाद आईसीसी इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी लेनी होगी।

**आस्ट्रेलियाई टीम:-** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टोन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर , एडम जम्पा।

## 23 साल की उम्र में पलक तिवारी ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी



पलक तिवारी आए दिन अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बॉडीकॉन आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग फैशन देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं।ओपन कर्ली हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।इन फोटोज में आप देख सकते हैं पलक तिवारी सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए ग्लैमरस फोटोज क्लिक करवा रही हैं।पलत तिवारी ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि फिटनेस और खूबसूरती से भी फैंस को दीवाना बनाए रखती हैं।बता दें कि एक्ट्रेस 23 साल की हैं। और उन्होंने इतनी कम उम्र में दर्शकों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बना रखी है।




## कयामत से कयामत तक के 36 साल पूरे

### इन 5 कारणों की वजह से आमिर खान और जूही चावला की फिल्म आज भी लोकप्रिय है

1988 में रिलीज़ हुई, आमिर खान और जूही चावला की कयामत से कयामत तक उन सिनेमाई प्रेम कहानियों में से एक है, जिन्होंने सिनेमा की दुनिया में सदाबहार का ताज हासिल किया है। बॉलीवुड की यह प्रतिष्ठित फिल्म दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना चुकी है और आज अपनी 36वीं सालगिरह मना रही है। यहां पांच संकेत दिए गए हैं जो इस फिल्म को जीवन में एक बार बनने वाली फिल्म बनाते हैं।

### एक उल्लेखनीय शुरुआत और प्रतिष्ठित केमिस्ट्री

अनजान लोगों के लिए क्यूएसक्यूटी ने आमिर खान के करियर की शुरुआत की। सुपरस्टार के राज के उल्लेखनीय चित्रण ने उन्हें दर्शकों और आलोचकों की समान रूप से प्रशंसा दिलाई। जूही के साथ उनकी केमिस्ट्री इसकी सफलता के प्रमुख कारकों में से एक थी। यह फिल्म वास्तव में उन्हें भारतीय सिनेमा में प्रतिष्ठित शख्सियतों के रूप में स्थापित करती है। दोनों की केमिस्ट्री शानदार थी, जो उनके ऑन-स्क्रीन रोमांस में गहराई और प्रामाणिकता जोड़ती थी।

### . कयामत से कयामत तक का सदाबहार संगीत

आनंद-मिलिंद द्वारा रचित और मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखित, कयामत से कयामत तक का साउंडट्रैक तुरंत सनसनी बन गया। चाहे वह पापा कहते हैं हो, अकेले हैं तो क्या गम है और यहां तक कि ऐ मेरे हमसफर की धुन भी अनोखी थी। ये सभी गीत बदलते समय के साथ आज भी प्रासंगिक माने जाते हैं।

### कयामत से कयामत तक की लोकप्रियता

कयामत से कयामत तक एक संगीतमय रोमांस फिल्म थी जिसने 1990 के दशक में हिंदी सिनेमा को परिभाषित किया था। उल्लेखनीय रूप से, इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता।

### . सामाजिक विषयों पर बातचीत

कयामत से कयामत तक ने माता-पिता के विरोध, सामाजिक मानदंडों और परंपरा और आधुनिकता के बीच टकराव जैसे गहरे सामाजिक विषयों पर प्रकाश डाला।

### 5. अविस्मरणीय संवाद

कयामत से कयामत तक जैसी क्लासिक और अविस्मरणीय फिल्म के लिए शक्तिशाली और भावनात्मक संवादों की आवश्यकता थी, जो दर्शकों पर गहरा प्रभाव डाल सके। इसमें निस्संदेह कुछ अविस्मरणीय संवाद हैं जो किसी की भी आंखों में आंसू ला सकते हैं। खासकर क्लाइमैक्स सीन ने अपने डायलॉग से फिल्म को प्रभावशाली बना दिया था।



## मल्लिका जान के किरदार ने कर दिया था मनीषा कोइराला को पागल

### भारत छोड़कर अभिनेत्री को भागना पड़ा था स्विट्ज़रलैंड

बॉलीवुड के नामी डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की चर्चित वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गयी है। इन सब के बीच दिग्गज अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपने किरदार से जुड़ी अहम जानकारी फैंस के साथ साझा की है। अभिनेत्री ने बताया कि मल्लिका जान के किरदार में वह इतना ढल गयी थी कि उन्हें इससे बाहर निकलने के लिए भारत छोड़कर जाना पड़ा था। बता दें, मनीषा हीरामंडी में मल्लिका जान का किरदार निभा रही है, जो इस सीरीज का अहम हिस्सा है।
इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए एक इंटरव्यू में मनीषा कोइराला ने बताया कि कैसे वो अपने किरदार में फंस रह गयी थी। उन्होंने कहा, मैं उसी कैरेक्टर में रही, मल्लिका जान का किरदार मेरे साथ ही चलता रहा। मुझे ये कहना पड़ेगा, मल्लिका जान का कैरेक्टर मेरे लिए बहुत नया था। ये किरदार मेरे साथ मेरे घर तक जाता था। मैं उसी स्पेस में रही। जब मेरे शूट का आखिरी दिन बीत गया, तो मैं तुरंत स्विस आल्प्स गई। वहां जाकर ट्रेकिंग की, घूमी फिरी। मैं वहां गई ताकि नॉर्मल हो सकूं। अभिनेत्री ने बताया कि मल्लिका जान की परछाई को पीछे छोड़ने के लिए उन्हें स्विट्ज़रलैंड जाकर समय बिताना पड़ा था।
मनीषा ने आगे कहा, मैं अपने दोस्तों के साथ थी, लेकिन मैं पक्के तौर से ये भी नहीं कह सकती कि मैंने उनके साथ भी नॉर्मल थी या नहीं। मल्लिका जान के किरदार ने मुझे इतना खा लिया था कि मैं उसी में सारा वक्त बिताती थी। मैं उसी जोन में रहती थी। मुझे सही में उस किरदार से बाहर निकलने के लिए लगातार काफी मेहनत करनी पड़ी। मुझे खुद को समझाना पड़ा कि बस बहुत हो गया, वो चैप्टर अब क्लोज हो चुका है। अब अपनी असल जिंदगी में वापस लौटो।% बता दें, मनीषा लगभग 28 साल के बाद संजय लीला भंसाली के साथ काम कर रही हैं। इससे पहले दोनों ने 1996 में फिल्म खामोशी में साथ काम किया था।

## यह प्यार का सूचक है,नंबरों को महत्वपूर्ण बनाने वाली बात पर बोले बादशाह



बॉलीवुड रैपर और संगीतकार बादशाह अपने एल्बम एक था राजा के प्यार से बेहद खुश हैं, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसे सभी प्लेटफार्मों से लगभग 150 मिलियन बार देखा गया है। उन्होंने कहा कि संख्याएँ महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह ÷प्यार का संकेतक÷ है।बादशाह ने इंस्टाग्राम स्टोरीज का सहारा लिया,जहां उन्होंने अपने एल्बम के बारे में बात करते हुए ट्रेडमिल पर चलते हुए अपना एक वीडियो साझा किया।रैपर, जिनका असली नाम आदित्य प्रतीक सिंह सिसौदिया है, ने यह कहकर शुरुआत की कि उनके पास दो-तीन महत्वपूर्ण अपडेट हैं।सबसे पहले, 'एक था राजा' को इतना प्यार देने के लिए आप सभी को दिल से धन्यवाद। आज, जब मैं शूटिंग कर रहा था, वहां कुछ लोग थे, जो एक गाने की शूटिंग कर रहे थे, जिसकी मैं शूटिंग कर रहा था, और उन्होंने आकर कहा, भैया, एल्बम रिपीट पर है और ऑफिस में, हमने गाना बजाया है।÷ गाने. ये सब सुनकर बहुत अच्छा लग रहा है आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। 75 मिलियन स्ट्रीम होंगी सिर्फ स्पॉटिफ़ाइ के मुख्य और समग्र सारे प्लेटफ़ॉर्म पर 150 मिलियन स्ट्रीम मिलेंगे, उन्होंने कहा।बादशाह ने आगे कहा, नंबर भी प्यार का सूचक हैं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।÷अन्य समाचारों में,अभी तो पार्टी शुरू हुई है हिटमेकर ने नए संसद भवन का दौरा किया और इसे भारत की विविध टेपेस्ट्री और सांस्कृतिक विरासत के उत्सव के रूप में टैग किया।

## नेहा कक्कड़ और अभिजीत भट्टाचार्य की लड़ाई में मिलिंद गाबा की एंट्री



### अपने अंदाज में दिग्गज सिंगर पर कसा तंज

बॉलीवुड के दिग्गज गायकों में शुमार अभिजीत भट्टाचार्य का विवादों से पुराना नाता रहा है। वह अक्सर अपने बयानों की वजह से विवादों में घिरे रहते हैं। अब एक बार फिर से अभिजीत ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। दरअसल, गायक हाल ही में रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर 3 में गए थे। यहाँ उन्होंने एक मुद्दे पर अपनी राय साझा करते हुए टिप्पणी की कि शादी में गाने से सिंगर्स की औकात कम हो जाती है। उनकी ये बात शो की जज नेहा कक्कड़ को पसंद नहीं आई और दोनों के बीच तीखी बहस हो गयी। नेहा ने टिप्पणी की कि कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। अब पंजाबी सिंगर मिलिंद गाबा अपनी को-सिंगर के सपोर्ट में उतर आये हैं और एक वीडियो साझा करते हुए उन्होंने अभिजीत पर जबरदस्त वार किया है।

### अभिजीत भट्टाचार्य ने क्या कहा था ?

सुपरस्टार सिंगर 3 के लेटेस्ट एपिसोड में, सलमान और आर्यन की परफॉर्मेंस के बाद अभिजीत भट्टाचार्य ने शादियों में परफॉर्म करने वाले गायकों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, कोई भी पैसा दिया या शादी में गाने लगे, उसमें औकात कम होती है। मेरी औकात है, मैं बोल देता हूं, मैं नहीं गाऊंगा। दुनिया की कोई ताक़त तुम्हें बर्दाश्त नहीं कर सकती। नेहा इन कमेंट्स से खुश नहीं थीं और उन्होंने कहा कि इंसान अपनी मेहनत से कमाता है और शादियों में गाने में कोई बुराई नहीं है। नेहा ने कहा कि कोई किसी गायक को अपनी शादी में इसलिए बुलाता है क्योंकि वे उससे प्यार करते हैं और सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता और अगर किसी को शादी में परफॉर्म करने के लिए बुलाया जाता है तो जाना चाहिए।

### अभिजीत भट्टाचार्य पर मिलिंद गाबा का पलटवार

अभिजीत भट्टाचार्य की टिप्पणी मिलिंद गाबा को पसंद नहीं आयी और सिंगर ने चुप रहने की बजाय इसका जवाब देना पसंद किया। मिलिंद ने अपने अंदाज में अभिजीत की टिप्पणी का जवाब दिया। मिलिंग ने अभिजीत की जवानी के दिनों का एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह स्कूल के स्टेज पर परफॉरमेंस देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के ऊपर लिखा है कि शादियों में नहीं, स्कूल कार्यकर्मों में हाँ। इस वीडियो एक साथ मिलिंग ने लिखा,कोई दादा-दादी,चाचा-चाची आपको बता नहीं सकते और न ही आपकी औकात फिक्स कर सकते हैं। नेहा कक्कड़ को बड़ा सम्मान।

# कोरबा के चुनावी सभा में गरजे अमित शाह

» भाजपा की तीसरी बार सरकार बनते ही दो वर्ष में नक्सलवाद समाप्त होगाः अमित शाह

» भाजपा न तो आरक्षण हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी

» कोरबा की सभा में गरजे अमित शाह, बोले-खड़गे जी भाई-बहन आपकी बलि ले लेंगे

» एक परिवार को बचाने के लिए झूठ बोल रहे हैं खरगे




**रायपुर,01 मई 2024(ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के परिवारवाद पर बड़ा हमला बोलते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि खरगे जी आप एक परिवार के भाई बहन के लिए झूठ क्यों बोल रहे हैं। चार जून को आपकी पार्टी के हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटेगा। इससे पहले भी कांग्रेस में ऐसा ही हुआ है। आप की बलि चढ़ा दी जाएगी। कोरबा संसदीय क्षेत्र के कटघोरा में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस की नीति झूठ बोलने, जोर से बोलने, बार-बार बोलने और सार्वजनिक रूप से बोलने की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान कि मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर गरीबों का नुकसान होगा की शाह ने भर्त्सना की।

### अमित शाह के भाषण की पांच मुख्य बड़ी बाते...:

छत्तीसगढ़ से होगा नक्सलवाद का सफाया शाह ने मोदी सरकार के गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों को गिनाया और कहा कि जब तक भाजपा का एक भी सांसद है तब तक आरक्षण नहीं हटने वाला। भाजपा ने पिछले दस साल में बहुमत का प्रयोग देश को मजबूत बनाने में किया है। तीसरी बार मोदी सरकार बनने के दो साल के भीतर देश के अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद का सफाया कर दिया जाएगा।

### तीसरे चरण से आगे बढ़ेगा चार सौ पार का लक्ष्य

शाह ने कहा कि शुरुआती दो चरणों के मतदान में भाजपा की जीत की नींव तैयार हो गई है। तीसरे चरण में पार्टी चार सौ सीट पार के लक्ष्य के और करीब पहुंचेगी।

### राहुल की कोई नहीं सुनता

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि उनकी बात कोई नहीं सुनता, कोरोना काल में राहुल ने टीके पर सवाल उठाया और अंधेरे में बहन के साथ जाकर टीका लगवा आए। महामारी के समय भी राजनीति की।

## कश्मीर,नक्सलवाद, आतंकवाद का मुद्दा भी उठाया

शाह ने कश्मीर से धारा 370 हटाने, आतंकवाद समाप्त करने का भी मुद्दा उठाया। छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार पर नक्सलवाद को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस आतंकवाद और नक्सलवाद का सहारा लेती रही है।

## अल्पसंख्यक वोटों के लिए ठुकराया प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण

शाह ने गांधी परिवार और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर अल्पसंख्यक मतों के लिए राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ठुकराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रामलला के ननिहाल छत्तीसगढ़ के लोग कांग्रेस नेताओं से यह जरूर पूछें कि वे किस मुंह से वोट मांग रहे हैं।

## राकेश चतुर्वेदी बीजेपी में शामिल

छत्तीसगढ़ के पूर्व वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ) राकेश चतुर्वेदी भाजपा में शामिल हो गए हैं। कोरबा



जिले के कटघोरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा में उन्होंने भाजपा में प्रवेश किया। मंच पर गृहमंत्री विजय शर्मा, मंत्री ओपी चौधरी, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप और भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे मौजूद हैं। बता दें कि भूपेश बघेल सरकार में राकेश चतुर्वेदी वन महकमे के मुखिया थे।

## संक्षिप्त खबर

### महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त हुई जारी




**रायपुर,01 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त आज जारी कर दी गई है। प्रदेश की 70 लाख 12 हजार से अधिक महिलाओं के खाते में 1 हजार रुपए डाल दिए गए है। विष्णु सरकार महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को अब तक दो किश्त दे चुकी है। आज तीसरी किश्त जारी की गई।

### 4 मई तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर रहेंगे जेल में बंद ये 2 आरोपी




**रायपुर,01 मई 2024(ए)।** ईओडब्ल्यू को महादेव सट्टा मामले में जेल में बंद आरोपी भीम सिंह यादव और अमित अग्रवाल की रिमांड मिल गई है। कोर्ट ने दोनों आरोपितो को 4 मई तक ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है।।

### एक लाख की इनामी महिला नक्सली ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण




**सुकमा,01 मई 2024 (ए)।** पुलिस के समक्ष एक लाख की इनामी महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। महिला नक्सली सुकमा क्षेत्र में सक्रिय थी और उस पर छत्तीसगढ़ शासन ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। आत्मसमर्पण करने वाली महिला माओवादी थाना चिंतागुफा क्षेत्र की निवासी है। सुकमा पुलिस पूना नर्कोम अभियान चला रही है। बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैंप लगाए जा रहे हैं।

## गाली-गलौज से डरी हुई थी राधिका खेड़ा

» बघेल और वर्मा को लगाती रही फोन,लेकिन नहीं मिली मदद...

**रायपुर,01 मई 2024(ए)।** कांग्रेस नेत्री और पार्टी की नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा इन दिनों चुनावी कामकाज को लेकर रायपुर में हैं। इस बीच कल यानी मंगलवार शाम को पीसीसी के संचार विभाग के एक बड़े पदाधिकारी के साथ उनका जमकर विवाद हो गया। जिसके बाद राधिका खेड़ा ने ट्वीट कर कहा कि छत्तीसगढ़ में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। आज उनके कांग्रेस भवन में रोने के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर यह पूरा विवाद क्यों हुआ?

दरअसल, यह पूरी घटना कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन की है। यह विवाद क्यों हुआ इसका अधिकृत रूप से जानकारी किसी ने नहीं दी है, लेकिन इसे लेकर पुष्ट सूत्रों से जो जानकारी मिली है वह काफी हैरान करने वाली है। सूत्रों की माने तो कांग्रेस नेता पवन खेरा का दौरा छत्तीसगढ़ होने वाला है। वह कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं, साथ ही वे मीडिया और प्रचार विभाग भी संभालते हैं। उनके दौरे को लेकर शेड्यूल बन रहा था जिस पर राधिका खेरा ने भी उनके दौरे का शेड्यूल बनाया जिसमें यह शामिल था कि वे कहां जाएंगे, कहां पीसी करेंगे, किस मीडिया चैनल पर अपनी बात रखेंगे आदि आदि।

इसी बात को लेकर कांग्रेस नेता और पीसीसी संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला से विवाद शुरू हो गया, शायद सुशील आनंद शुक्ला को उनका इंस्ट्रक्शन देना पंसद नहीं आया, विवाद इतना बढ़ गया कि वे भड़क गए और राधिका खेड़ा को तमाम भद्दे भद्दे अपशब्द



कहे और इतना ही नहीं सुशील आनंद शुक्ला ने उन्हे बुरी तरह से लताड़ते हुए अपने चेंबर से बाहर निकाल दिया। जिसके बाद राधिका खेड़ा रोने लगी और फिर वे दूसरे पदाधिकारियों के चेंबर में जाकर बैठीं और काफी देर तक रोती रहीं।

इस बीच उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को फोन लगाया लेकिन उनका फोन नहीं उठा, उन्होंने पूर्व सीएम के सलाहकार रहे विनोद वर्मा से भी फोन पर चर्चा की तो उन्होंने साफ कहा कि वे इस मामले में आपकी कोई मदद नहीं कर सकता। हद तो तब हो गई कि छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक के नेताओं ने उनकी कोई कद्र नहीं की और उल्टे उन्हे ही फटकार लगाते नजर आए। सूत्रों ने बताया कि इस बीच उनके हाथ में बंधी घड़ी से वीप की आवाज लगी जिससे पता चला कि राधिका खेड़ा का ब्लड प्रेशर डेढ़ सौ के करीब पहुंच गया है। राधिका खेड़ा के बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए फिर उन्हे अस्पताल ले जाया गया, जांच के बाद फिर उन्हे होटल छोड़ा गया।

प्रदेश कांग्रेस के नाराज नेता का कहना है कि कांग्रेस पार्टी में महिलाओं का सम्मान नहीं विगत साल पहले एक राष्ट्रीय महिला नेत्री और प्रवक्ता ने में छेड़छाड़ की वजह से पार्टी छोड़ी थी अब राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ बत्तमीजी की गई प्रताड़ना दी गई और गलत शब्दों का प्रयोग किया गया। महिला का सम्मान कांग्रेस पार्टी करती इससे ज़्यादा जीता जागता उदाहरण और मिल नहीं सकता। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ बदसुलूकी का यह सिलसिला लगातार चल पड़ा है। इस मामले में कांग्रेस चुप्प क्यों प्रियंका गांधी चुप क्यों राहुल गांधी चुप क्यों है। कहा गया सुहाग वाला डायलॉग सोनिया गांधी चुप क्यों महिलाओं के साथ अपमान होता गया महिला नेत्री कांग्रेस छोड़ते गई है।

### कांग्रेस के संचार विभाग में सब कुछ ठीक नहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के ट्वीट ने मचाई हलचल, विवाद हुआ आम

लोकसभा चुनाव के मौके पर छत्तीसगढ़ में मीडिया के कामकाज में सहयोग करने छत्तीसगढ़ आई कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा के एक ट्वीट ने कल शाम से राजनैतिक हल्के में खलबली मचा दी है। राजीव भवन में अपने साथ हुए दुर्व्यवहार के बाद राधिका का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। इस मुद्दे को लपकते हुए भाजपा के प्रमुख नेताओं ने बयानबाजी भी शुरू कर दी है।

### कौशल्या माता के मायके में बेटी सुरक्षित नहीं

सबसे पहले राधिका खेड़ा के एक्स पर किये गए ट्वीट पर नजर डालिये जिसमें उन्होंने लिखा है कि कौशल्या माता के मायके में बेटी सुरक्षित नहीं है, पुरुषवादी मानसिकता से ग्रसित लोग आज भी बेटियों को पैरों तले कुचलना चाह रहे हैं। करूंगी खुलासा..!!

इस ट्वीट के बाद किसी ने उनका एक वीडियो भी वायरल किया, जिसमें वह रोते हुए फोन पर किसी से कह रही हैं कि 'मेरी 40 साल की उम्र में मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। मेरी इतनी बेइज्जती कभी नहीं हुई। मैंने मीडिया वालों से बात कर ली, बस इतने में मुझसे झगड़ा किया गया। मैं जब उससे बात करती हूं, वो मुझ पर चिल्लाता है, मैंने ये बातें दिल्ली में भी बतायी है। मैं पार्टी से इस्तीफा दे रही हूं।'वीडियो वायरल हुआ तो भाजपा ने भी महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया। पहले भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास और फिर पूर्व मंत्री और बीजेपीविधायक राजेश मूणत ने भी यह वीडियो एक्स पर डालते हुए कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथ लिया है। उधर भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने राधिका खेड़ा का मुद्दा नारी अस्मिता से जोड़ते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी ही महिला नेत्री का सम्मान नहीं कर पा रही है। उन्होंने राधिका खेड़ा को कांग्रेसियों से बचकर रहने की नसीहत भी दी है।

## लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है मोदी सरकारःपवन खेड़ा

» 10 साल में मोदी सरकार में सिर्फ धोखा ही धोखा हुआ

**रायपुर,01 मई 2024 (ए)।** आज राजधानी स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में संचार अध्यक्ष पवन खेड़ा ने प्रेसवार्ता में बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में बीजेपी को मुद्दाविहीन बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम, मंगलसूत्र, मंदिर के नाम



पर लड़ रही है। मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है। छत्तीसगढ़ की 3 सीटों पर 7 मई को मतदान होना है। जिसके मद्देनजर सभी पार्टियों ने चुनावी प्रचार तेज कर दिया है। इसके साथ ही सियासी बयानबाजियां भी तेज होती जा रही है।

भाजपा 400 पार वाले नारे पर पवन खेड़ा ने कहा कि बीजेपी 400 पार इसलिए कह रही है क्योंकि उसी नीयत में खोट है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है, आरक्षण खत्म करना चाहती है। जबकि कांग्रेस जातिगत जनगणना के पक्ष में है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आरक्षण देना चाहती थी, लेकिन भाजपा ने विधेयक ही राजभवन में लंबित करवा दिया। उन्होंने कहा- 10 साल में मोदी सरकार में सिर्फ धोखा ही धोखा हुआ है। कितने युवाओं ने, महिलाओं ने, किसानों ने, व्यवसायियों ने आत्महत्या की है. मोदी सरकार की नीति और नीयत में खोट है।

चुनाव आयोग की ओर से दस दिनों बाद पहले चरण और दूसरे चरण के चुनाव के डेटा जारी करने के सवाल पर पवन खेड़ा ने कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है कि मतदान के आंकड़ों में भारी अंतर आया है। हम स्टडी के बाद चुनाव आयोग जाएंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मेनीफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप होने वाले बयान पर उन्होंने कहा कि पूरे घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग का कही नाम नहीं है। मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र मैंने पढ़ा नहीं, प्रधानमंत्री ने पढ़ा हो तो नहीं पता। इस दौरान इस दौरान खेड़ा ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए उनकी एंटायर पॉलिटिकल साइंस की डिग्री को भी चुनौती देने की भी बात कही।

## गलत फैसले पर जब जज बर्खास्त हो जाते हैं,तो तहसीलदार क्यों नहीं ?



» खुद ही शिकायत की और खुद ही मजिस्ट्रेट बनकर युवक को भेज दिया जेल

**रायपुर,01 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में तहसीलदार ने एक युवक को मामूली विवाद पर जेल भेज दिया। दिलचस्प यह है कि तहसीलदार खुद ही शिकायतकर्ता बना और खुद ही वारंट बनाकर युवक को जेल भेज दिया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के डबल बेंच ने इस कार्रवाई को नियम विरूद्ध बताते हुए युवक को 25 हजार क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है।

### 13 साल बाद न्याय

तहसीलदार के गलत फैसले से युवक को हफ्ते भर रायपुर जेल में रहना पड़ा। इसके बाद वह रिहा हुआ। पीड़ित युवक के पिता ने वकील के मार्फत बिलासपुर हाई कोर्ट में केस दाखिल किया। चीफ जस्टिस रमेश सिनहा और जस्टिस रजनी दुबे की बेंच ने कल तहसीलदार की कार्रवाई को गलत करार देते हुए 25 हजार रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया।

### तहसीदार पर कार्रवाई क्यों नहीं ?

तहसीलदार, नायब तहसीलदार मजिस्ट्रेट बनकर अनाप शनाप आर्डर पास करते हैं मगर उन पर कार्रवाई का कोई सिस्टम नहीं। जबकि, उनसे उपर जजों से कोई गलत फैसला होता है तो उन पर ज्यूडिशरी से कड़ी कार्रवाई हो जाती है। न्यायपालिका का अपना सिस्टम है, जिसके जरिये कोर्ट में होने वाले फैसलों पर नजर रखी जाती है। इस मामले में तहसीदार द्वारा बिना वजह पावर का प्रदर्शन करने युवक को जेल भेजने की कार्रवाई दुर्भावना से प्रेरित है। सरकार को तहसीलदार को बर्खास्त नहीं तो कम-से-कम निलंबित करके जांच तो करनी चाहिए। जिससे आगे कोई तहसीलदार या नायब तहसीलदार मजिस्ट्रेट बनकर दुर्भावना से कार्रवाई न करें।

## श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री साय ने श्रमिकों के जज्बो को किया नमन



» सीएम साय ने श्रमिकों के साथ खाया बोरे बासी

**रायपुर,01 मई 2024(ए)।** राजधानी रायपुर के गांधी चौक में मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित 'कामगारों का सम्मान समारोह' में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान सीएम साय ने श्रमिकों के साथ बोरे बासी भी खाया। वहीं मुख्यमंत्री ने श्रमिक दिवस की सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के साथ भोजन करने का मौका मिला। यहां श्रमिकों को 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलता है। रमन सरकार के दौर से यह योजना शुरू हुई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया भारत सरकार में 2 साल लेबर मिनिस्टर के रूप में काम किया। मैं गांव का रहने वाला हूं, श्रमिकों की समस्या हम समझते हैं। इतना कोई नहीं समझ पाएगा। ये झोपड़ी में रहकर लोगों के लिए महल बनाते हैं। श्रमिकों को नमन करता हूं, हमारा विकास इन्हीं पर टिका है।

### खड़गे के बयान पर पलटवार

मल्लिकार्जुन खड़गे के राम और शिव को लड़ाने वाले बयान पर सीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गई है. पूरे देश और छत्तीसगढ़ में जनता का विश्वास खो चुकी है। मुद्दे से भटक गए हैं और कुछ भी बोल रहे हैं।

## पूर्व सीएम बघेल ने खाया बोरे बासी



» सोशल मीडिया पर शुरु किया कैंपेन

**रायपुर,01 मई 2024(ए)।** राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने रायगढ़ में बासी खाकर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है।

माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेट्फॉर्म एक्स पर पूर्व सीएम ने राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों से बोरे-बासी खाते हुए फोटो-वीडियो को हैशटैग के साथ शेयर करने की भी अपील की है। बता दें, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने अपने कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में मजदूर दिवस को 'बोरे बासी दिवस' घोषित किया था।

### पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित कांग्रेस नेताओं ने खाई बासी

कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल से आज के दिन को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाने की परंपरा को जारी रखा हुआ है.। आज पूर्व सीएम के अलावा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अपने-अपने परिवार के साथ बासी का आनंद लिया और सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर कैंपेन का हिस्सा बनते हुए मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

### क्या होता है बोरे और बासी

छत्तीसगढ़ राज्य में अधिकतम मजदूर बोरे और बासी का सेवन करते है।. दरअसल,चांवल को पका कर उसे पानी में भिगा दिया जाता है और इसे आम के आचार या टमाटर की चटनी के साथ खाया जाता है। वहीं बासी रात में पके हुए चांवल को पानी में भिगाकर रखा जाता है और सुबह आचार, सब्जी या चटनी के साथ इसका सेवन किया जाता है। आपको बता दें, गर्मियों के दिन में बासी का सेवन करन काफी सेहतमंद होता है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)